Title Code :- RAJHIN27855

THE DAYSPRING NEWS

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्ष: 4 अंक:237 मूल्य: 3 रू पेज: 8 जयपुर, शनिवार/ 20 सितम्बर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

## इजरायल से और हेरॉन ड्रोन खरीद रहा भारत

● एंटी टैंक मिसाइलों से करेगा लैस, चीन-पाक के लिए टेंशन!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के खिलाफ सफल इस्तेमाल के बाद और अधिक इजरायली हेरॉन मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) ड्रोन खरीदने की तैयारी में है। साथ ही, इसे हवा से दागी जाने वाली स्पाइक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों से लैस करने की भी योजना बनाई जा रही है, जिससे यह ड्रोन और भी तबाही ला सकेगा। भारतीय सशस्त्र बल पहले से ही तीनों सेनाओं, थल सेना, नौसेना और वायु सेना, के अपने-अपने ठिकानों से हेरॉन ड्रोनों का एक बड़ा बेड़ा संचालित कर रहे हैं। अधिक ड्रोन खरीदने से चीन और पाक जैसे देशों के लिए टेंशन पैदा हो जाएगी, क्योंकि भारत इन ड्रोन का इस्तेमाल दोनों देशों के लिए ही करता है। खुफिया एजेंसियां भी विशेष अभियानों के लिए हेरॉन का इस्तेमाल करती हैं। रक्षा अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है।

## मोदी और योगी पर बनी फिल्म न देखें, फिल्म देखने वाले गुनहगार

### बरेली में मौलाना शहाबुद्दीन बोले-मुसलमानों का फिल्म देखना शरीयत में नाजायज और हराम है



**बरेली (एजेंसी)।** बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा- मोदी-योगी पर बनी फिल्म मुसलमान न देखें। मुसलमानों का फिल्म देखना शरीयत की नजर में नाजायज और हराम है। फिल्म देखने वाला गुनहगार होगा। दुनिया आज चांद-सितारों पर पहुंच गई है, लेकिन कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े लोग आज भी धर्म का सहारा लेकर कट्टरपंथी बातें करते हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने भी इसी तरह का बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं तमाम मुसलमानों से, नौजवानों से अपील कर रहा हूं। इस्लाम के जितने भी अनुयायी हैं—महिलाएं हों, मर्द हों, बूढ़े हों, बच्चे हों, जवान हों—इन सबको मैं शरीयत की बात बता रहा हूं कि फिल्म न देखें।

## रूसी नागरिकों के लिए भारत में मिल गई बड़ी खुशखबरी!

● अब कर सकेंगे कैशलेस पेमेंट, अभी मजबूरी में रखते हैं कैश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्बेरबैंक ने भारत के क्रेडिट मैनेजमेंट ऐप चेक के साथ साझेदारी की है। इस समझौते के तहत अब भारत आने वाले रूसी पर्यटक कैशलेस पेमेंट कर सकेंगे। बैंक द्वारा जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह कदम दोनों देशों के बीच मोबाइल बैंकिंग क्षेत्र में आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगा। स्बेरबैंक के अनुसार, यह मोबाइल ऐप और एंड्रॉइड दोनों ऑपरेटिंग सिस्टम पर उपलब्ध है। किसी भी रूसी नागरिक को इस ऐप का उपयोग करने के लिए पासपोर्ट और वैध भारतीय वीजा के साथ रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, बैंक ने आगे बताया कि वॉलेट को एक्टिवेट करने के लिए रूसी पर्यटकों को भारत में मौजूद पार्टनर एजेंट से मिलना होगा। इसके लिए ऐप के जरिए ही अपॉइंटमेंट बुक किया जा सकता है। यह सेवा भारत के सभी बड़े शहरों में उपलब्ध होगी।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी चुनाव में फिर से भगवा 'राज'

● अध्यक्ष समेत 3 पदों पर एबीवीपी का कब्जा, एनएसयूआई का बना उपाध्यक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव के फाइनल नतीजे आ चुके हैं। डूसू चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से संबद्ध छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का दबदबा देखने को मिला है। एबीवीपी ने डूसू अध्यक्ष पद के साथ-साथ सचिव और संयुक्त सचिव पद पर भी जीत हासिल की है। एबीवीपी के आर्यन मान ने अध्यक्ष पद पर जोसलीन नंदिता चौधरी को करारी शिकस्त दी। उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित स्टूडेंट विंग एनएसयूआई के राहुल झांसला ने जीत दर्ज की है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी की जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश देखने को मिला। एनएसयूआई भी उपाध्यक्ष पद पर जीत के बाद खुशी मनाते नजर आए। राहुल झांसला के समर्थक कैंपस में विवेकानंद की मूर्ति के पास विक्ट्री साइन दिखाते नजर आए। फाइनल नतीजों में डूसू अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के आर्यन मान को 28841 वोट मिले। वहीं एनएसयूआई की जोशलिन नंदिता चौधरी को 12645 मत मिले हैं। इस तरह आर्यन मान ने जोशलिन को करीब 16 हजार वोटों से शिकस्त दी। गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में 50 से ज्यादा सहयोगी कॉलेजों के 2.75 लाख से अधिक छात्रों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। 195 बूथों वाले 52 केंद्रों पर 711 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के जरिए मतदान हुआ। अंतिम मतदान 39.45 फीसदी रहा।



## मैसूर का दशहरा सरकारी आयोजन, लोगों में फर्क क्यों

● सुप्रीम कोर्ट बोला-कितनी बार कहें मामला हुआ खारिज

**कर्नाटक सरकार ने मुस्लिम लेखिका को चीफ गेस्ट बनाया**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मैसूर चामुंडी मंदिर में दशहरा उत्सव के उद्घाटन में बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। कार्यक्रम 22 सितंबर को होगा। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट पीबी सुरेश ने दलील दी कि किसी गैर-हिंदू व्यक्ति को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उनके इस तर्क पर कहा- खारिज। एडवोकेट सुरेश ने दलील दी कि मंदिर के अंदर पूजा को धर्मनिरपेक्ष कार्य नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा- यह पूरी तरह से राजनीतिक है। कोई कारण नहीं है कि उन्हें धार्मिक उत्सव के लिए मंदिर के अंदर लाया जाए। जस्टिस नाथ ने फिर दोहराया- खारिज। सीनियर एडवोकेट ने बिना फिर आरोप लगाया कि आमंत्रित अतिथि मुश्ताक ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, इसलिए ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित नहीं किया जा सकता। जस्टिस नाथ ने कहा- मामला खारिज कर दिया गया है। हमने तीन बार खारिज कहा है।

● **बानू मुश्ताक सामाजिक कार्यकर्ता, कई आंदोलन से जुड़ीं**- 62 साल की बानू मुश्ताक कन्नड़ लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान आंदोलनों और कन्नड़ भाषा आंदोलनों से जुड़ी रही हैं। मई 2025 में उन्होंने अपनी कहानी संग्रह एडेया हनाटे के लिए पुरस्कार जीता है। इस किताब का अंग्रेजी अनुवाद दीपा भस्थ ने किया था। राज्य की सिद्धारमैया सरकार ने उनके साहित्यिक और सामाजिक योगदान को देखते हुए इस बार दशहरा का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि बानू के लिए हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होना गलत होगा। क्योंकि इन अनुष्ठानों में पवित्र दीप जलाना, देवता को फल-फूल चढ़ाना और वैदिक प्रार्थनाएं करनी होती हैं। यह भी कहा गया था कि ऐसी प्रथाएं केवल एक हिंदू ही कर सकता है। हालांकि, राज्य सरकार ने कहा था कि यह राज्य का समारोह है, किसी मंदिर या धार्मिक संस्थान का नहीं। इसलिए धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। ये उत्सव हर साल आयोजित किया जाता है। पहले भी वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, लेखकों और स्वतंत्रता सेनानियों को बुलाया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि मुश्ताक को बुलाने का फैसला कमेटी का है।

## मैं पाकिस्तान गया, वहां बिल्कुल घर जैसा लगा

**कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा बोले, फिर बढ़ेगा विवाद**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा का कहना है कि उन्हें पाकिस्तान और बांग्लादेश में घर जैसा महसूस हुआ। उन्होंने कहा है कि देश की विदेश नीति पड़ोसी पर पहले ध्यान देने वाली होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने नेपाल यात्रा का भी जिक्र किया। भारतीय जनता पार्टी ने उनके बयान पर सवाल उठाए हैं। खास बात है कि पित्रोदा का बयान ऐसे समय पर आया है, जब पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्ते पहले से ज्यादा तल्ख हो गए हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में पित्रोदा ने कहा, मेरे हिसाब से हमारी विदेश नीति पड़ोसी पहले पहले ध्यान देने वाली होनी चाहिए। क्या हम वाकई अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों में सुधार ला सकते हैं। वो सभी छोटे हैं, सभी को मदद की जरूरत है, वो सभी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं और लड़ने की जरूरत नहीं है। हां हिंसा की परेशानी है, आतंकवाद की परेशानी है...। उन्होंने कहा, मैं पाकिस्तान गया और मैं आपको बताऊं कि वहां मुझे घर जैसा लगा। मैं बांग्लादेश गया, मैं नेपाल भी गया और मुझे घर जैसा लगा।



## यूपी में बिजली गिरने से 7 की मौत, मकान जला

● हिमाचल में बादल फटा, लैंडस्लाइड, कई घर हुए तबाह ● उत्तराखंड में 16 घंटे बाद मलबे से जिंदा निकला शख्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदनगर में 18 सितंबर की रात बादल फटा था। इसके बाद से 14 लोग लापता थे। कुछ लोग मलबे में दब गए थे। घटना के 16 घंटे बाद एक शख्स को मलबे से जिंदा रेस्क्यू किया गया। यहां पर 200 लोग प्रभावित हुए हैं। 35 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हैं। देहरादून-मसूरी रोड अभी भी क्षतिग्रस्त है। मसूरी में मौजूद 2 हजार के करीब टूरिस्ट्स सेफ हैं। इधर, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में रिहंद बांध इस साल पांचवीं बार ओवरफ्लो हुआ। कौशांबी में बिजली गिरने से 2 महिलाओं की मौत हुई। इधर, उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। जौनपुर में 3, कौशांबी में 2 और हमीरपुर-चंदौली में 1-1 की जान गई है। प्रतापगढ़ के गोविंदपुर गांव में बिजली गिरने से एक घर में आग लग गई, हालांकि काबू पा लिया गया है। शिमला की लाइफ लाइन कहे जाने वाली सर्कुलर रोड बंद है। एडवर्ड स्कूल की आज और कल की



छुट्टी की गई है। कुमारसैन की करेवथी में भी तीन मंजिला मकान धंसा गया। राज्य में बाढ़-बारिश से अब तक 424 लोगों की मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश में इस मानसून सीजन औसत 1097.28 एमएम बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से 187.96 एमएम ज्यादा है। गुना में सबसे ज्यादा 1651 एमएम बारिश हुई। जबकि खरगोन में सबसे कम 665.48 एमएम बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक आज पंजाब के कई जिलों में बारिश का अलर्ट है। भाखड़ा बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। आज बांध का जलस्तर 1677.68 फीट दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 1680 फीट से करीब 2.32 फीट कम है। एहतियातन बांध के चारों फ्लड गेट एक-एक फुट तक खोले गए हैं। फिलहाल बांध में पानी की आमद 56,334 क्यूसेक है, जबकि टरबाइनों और फ्लड गेटों के जरिए 40,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा। यूपी में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। आज 39 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। सोनभद्र में रिहंद बांध इस साल पांचवीं बार ओवरफ्लो हो गया। वाटर लेवल 870.4 फीट पार होने पर सिंचाई विभाग ने तीन गेट खोल दिए। यह प्रदेश का सबसे बड़ा बांध है।

## चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी होते भी देखता रहा


● राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन 'वोट चोरी' और 'वोट हटाने' के मामले पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शुक्रवार को कहा, चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा। राहुल ने एक्स पर 37 सेकेंड की वीडियो क्लिप शेयर की। कैप्शन में लिखा- सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ- ऐसे भी हुई वोट चोरी! इससे पहले उन्होंने गुरुवार को इस मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। आरोपों के समर्थन में कर्नाटक के आलंद क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटे हैं।




## दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो शूटर गिरफ्तार

● यूपी के बागपत के रहने वाले, गैंग लीडर ने पुलिस को चैलेंज दिया-बदला लेंगे



**बरेली (एजेंसी)।** यूपी के बरेली में एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले दो और शूटरों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को दोनों शूटरों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। इनके नाम नकुल सिंह और विजय तोमर हैं। दोनों बागपत के रहने वाले हैं। इन पर एक-एक लाख का इनाम था। दोनों ने 11 सितंबर को दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की थी। इनके दो सीसीटीवी सामने आए थे। इसमें वे बाइक पर जाते हुए नजर आ रहे हैं। बरेली पुलिस ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया है। दोनों शूटरों को बी-वारंट पर बरेली लाया जाएगा। बरेली पुलिस के मुताबिक, दिशा पाटनी के घर दो दिन यानी 11 और 12 सितंबर को फायरिंग हुई थी।

**मोदी का फोन, चीन-अमेरिका के भी पहुंचे दूत**

## नेपाल की पीएम सुशीला कार्की के पीछे खड़े हुए 3 बड़े देश, मुंह ताकते रह गए ओली

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में अपनी सत्ता जाने के बाद केपी ओली शर्मा इसके पीछे विदेशी हस्तक्षेप और साजिश की बात कह रहे हैं। हालांकि पूर्व पीएम ओली की नई सरकार को घेरने की कोशिशों से दूसरे देश प्रभावित नहीं हुए हैं। केपी ओली के इस्तीफे के बाद 12 सितंबर को नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कार्की को अपने बड़े पड़ोसियों- भारत और चीन का समर्थन मिला है। वहीं दुनिया की महाशक्ति अमेरिका से भी कार्की को सकारात्मक संदेश आया है। ओली पीएम रहते हुए चीन से नजदीकी बढ़ा रहे थे लेकिन अमेरिका और भारत के साथ-साथ चीन ने भी खुले तौर पर कार्की सरकार के साथ काम करने की इच्छा जताई है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को एक ही दिन में भारत, चीन और अमेरिका से बधाई संदेश आया है। कार्की



को पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन किया। इसके बाद इसी दिन चीनी राजदूत चेन सोंग और अमेरिकी राजदूत ने उनसे मुलाकात की।

द डेसिंप्रग

# कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय सहयोगी प्रशिक्षण शिविर फूडग्रेन धर्मशाला हनुमानगढ़ में शुरू

द डेसिंप्रग




**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)।** कांग्रेस सेवादल का तीन दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय सहयोगी प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को टाउन स्थित फूडग्रेन धर्मशाला में शुरू हुआ। जिलाध्यक्ष अश्विनी पारीक के नेतृत्व में शुरू हुए प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि नोहर विधायक अमित चाचाण, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, जिला प्रमुख कविता मेघवाल, उप जिला प्रमुख मुकेश सहारण, एआईसीसी सदस्य पवन गोदारा, पीसीसी सचिव मनीष गोदारा, पीसीसी सदस्य भूपेन्द्र चौधरी, पूर्व प्रधान जयदेव भिड़ासरा, प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण जैन, श्रवण तंवर,गुरमीत चंदड़ा, भामाशाह भीम सिंह शेखावत, बदरुद्दीन टाक, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुलोचना बावरी, मनोज सैनी, सुखपाल सिंह थे। आवासीय प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय स्तर के विचारक और ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविर में पदाधिकारियों को पार्टी की रीति-नीति से अवगत करवाया गया। सबसे पहले सुबह ध्वज वंदन का कार्यक्रम हुआ। उसके पश्चात परेड हुई और कार्यकर्ताओं को व्यायाम करवाया गया। प्रशिक्षण में बौद्धिक सत्रों के माध्यम से देश और सेवादल का इतिहास झंडा संहिता मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में लोकतंत्र की प्रासंगिकता और भविष्य के लिए और अधिक सुदृढ़ होकर राष्ट्र सेवा का समर्पण विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही विभिन्न विषयों पर व्याख्यान हुआ और संगठन का सृजन करने, संगठन को सुदृढ़ बनाने के संदर्भ में भी प्रशिक्षण दिया गया। कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत ने कहा कि संगठन का लक्ष्य 20 हजार नए श्वेत सैनिक प्रशिक्षित करने का है। इसके लिए सभी जिलों में तीन दिवसीय प्राइमरी और सहयोगी कैंप शुरू किए गए हैं। इनमें 200 से 500 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविरों में कांग्रेस और सेवादल की विचारधारा, संस्कृति और रीति-नीति से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही अनुशासन में रहने की भी ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल देश की आजादी से भी पुराना संगठन है और अपने अनुशासन के लिए जाना जाता है। महात्मा गांधी जब चंपारण गए थे, तब भी सेवादल संघर्ष कर रहा था। प्रदेशाध्यक्ष शेखावत ने कहा कि पहले कांग्रेस की सोच यह थी कि भारत को भारत कैसे बनाया जाए। उसी को ध्यान में रखते हुए राजस्थान कांग्रेस सेवादल अपनी पुरानी परंपराओं को आगे बढ़ा रही है कि कैसे तिरंगे की सोच को मजबूत करना है। कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। उसे बचाने के लिए कांग्रेस के ये श्वेत सिपाही सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष करेंगे। राहुल गांधी के विचारों को आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। जिलाध्यक्ष अश्विनी पारीक ने बताया कि जिले में यह सहयोगी प्रशिक्षण शिविर 30 साल बाद शुरू हुआ है। इसमें एआईसीसी से आए ट्रेनरों की ओर से कांग्रेस के इतिहास के बारे में बताया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल से विमल भाटी, सुरेन्द्र बीका, अनिल तिवाड़ी, महेंद्र चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र बजाज, बंसी खन्ना, लोकेन्द्र भाटी, शिशुपाल, राजेंद्र गोदारा, इशाक चायणान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राधिका हास्पिटल में हो रही है सफल एंजियोप्लास्टी :डॉ प्रतीक गंगवार

द डेसिंप्रग



**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली )।** बरेली राधिका सुपर स्पेशिलिटी एंड एडवांस ट्रामा सेन्टर मिनी वाईपास रोड बरेली जो के 100 बैडेड, मल्टी सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल है एवं समस्त आधुनिक सुविधाओं यथा अत्याधुनिक कार्डियक कैथलैब माड्यूजर एवं वातानुकूलित ओटी एवं आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित तथा NABH(full & final Cave Accredited) हास्पिटल है इसमें अब हृदय रोगियों के लिए एन्जियोप्लास्टी की सुविधा प्रारम्भ हो चुकी है जिससे रामपुर रोड नैनीताल रोड एवं आस पास के हृदय रोगियों को बहुत लाभ मिलेगा और समय रहते हृदय रोगियों को उपचार मिल सकेगा।शाहजहांपुर निवाजी श्री सनी गुप्ता को अचानक सीने में तीव्र दर्द, सांस लेने में दिक्कत तथा अत्यधिक पसीना आने की शिकायत पर राधिका हॉस्पिटल गया जहाँ चिकित्सकों देखने के तुरंत बाद उसकी जाँच कराई तो सीने दर्द का कारण हृदय वाहिनियों में अत्याधिक ब्लॉकेज का होना पाया गया। राधिका हॉस्पिटल चिकित्सकों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मरीज के परिजनो को एन्जियोप्लास्टी कराने की सलाह दी एवं परिजनों की सहमति लेकर उसी तिथि को त्वरित एन्जियोप्लास्टी की गयी।वर्तमान में मरीज श्री सनी गुप्ता पूर्णतया स्वस्थ हुए एवं राधिका अस्पताल के चिकित्सकों का धन्यवाद किया।

# हिंदी है तो हम है : जयश्री सेठिया उपप्राचार्य




## एसडीएस कॉलेज में हुई पोस्टर प्रतियोगिता

द डेसिंप्रग

**सुजानगढ़।** सोना देवी सेठिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्याल में हिंदी पखवाड़े में विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गय। हिंदी विभागाध्यक्ष और उप प्राचार्य डॉ जयश्री सेठिया ने बताया कि "हिंदी है तो हम है" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जशोदा प्रजापत वाल ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर सावित्री प्रजापत रही। वहीं डिजिटल हिंदी के वैश्विक परिदृश्य विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भाग्यलक्ष्मी ने द्वितीय स्थान जशोदा प्रजापत ओर तृतीय स्थान कृष्णा तोषनीवाल एवं ऋषिका सैनी रही।एनएसएस प्रभारी चंद्रप्रकाश गुर्जर ने अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया।प्राचार्य डॉ साधना सिंह और निदेशक डॉ वंदना भटनागर ने हिंदी दिवस की बधाई दी।

# सियाराम बाबा की बगीची में 22 सितम्बर से दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ

द डेसिंप्रग



**सुजानगढ़।** नगर के रेलवे स्टेशन के सामने स्थित सियाराम बाबा की बगीची में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा महोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 22 सितम्बर से होगा, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर बुधवार को महोत्सव का पोस्टर विमोचन किया गया।महोत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए बगीची के गौरधन खालसा के महामंडलेश्वर 1008 श्यामसुंदर दास महाराज ने बताया कि सोमवार, 22 सितम्बर की सुबह घट स्थापना एवं मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की जाएगी। इसके बाद प्रतिदिन नित्य पूजा और आरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन होगा। प्रतिदिन रात 8:30 बजे से डांडिया नृत्य का आयोजन किया जाएगा, जिसमें महिलाएं, युवा और बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। महोत्सव का समापन 2 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा के साथ किया जाएगा, जिसके बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा।इस अवसर पर आयोजित पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में गौरधन खालसा के महामंडलेश्वर श्यामसुंदर दास महाराज के साथ विश्व हिंदू परिषद के नरेंद्र भाटी, समाजसेवी निर्मल सराफ, बृजकिशोर और महेंद्र टाक मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धालुओं से इस धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।इस दौरान दामोदर शर्मा, मनीष स्वामी,मुरारी शर्मा, दिनेश स्वामी, सांवरमल नायक,बच्छराज, जयपाल राजपूत, श्यामलाल मीणा, गोलू स्वामी,प्रेम माली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बीच सड़क पर मौत का कुआं 2-लापरवाही नगर निगम व सीवरेज विभाग की

द डेसिंप्रग




**भरतपुर, ।** भरतपुर हाउसिंग बोर्ड की तरफ से मडरपुर जाने वाली रोड , किशनपुरा सेक्टर एक के पास में रोड पर सिवरेज लाइन टूटने के कारण व खुला होने के कारण दुर्घटनाओं की भयंकर संभावना बनी हुई है इस कारण आए दिन छोटी-मोटी घटना जो हो रही है उनसे निजात दिलाने के लिए वहां के निवासीओ को कई लोगों को टूटे सीवरेज के गडो से निकला हैं वहां के निवासी हरिप्रसाद , गणेश, ताराचंद , उमेश, मदनलाल , हरवीर सिंह ,ने बताया कि यह काफी लंबे समय से सीवरेज का गडो खुला पड़ा हुआ है जिसके कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है बड़े वाहन इस सिवरेज लाइन के गंदे पानी में टूटे गडो होने के उनके पहिए चले जाते हैं उनको निकालने में भी लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है स्कूटर मोटरसाइकिल के निकालने में भी लोगों को काफी परेशानी हो रही है इस घटना से लोगों में भय भी बना हुआ है और यह काफी समय से वस्तु स्थिति इसी प्रकार की है इस संबंध में यहां के लोगों ने बताया कि काफी शिकायत की जा चुकी है लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है जबकि हाउसिंग बोर्ड से किशनपुर होते हुए मडरपुर को व घासीराम बिग्रेडियर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क है । किसी दिन बहुत बड़ी घटना घटेगी तब प्रशासन जागेगा यह संभावना यहां के लोग बता रहे हैं और तत्काल ध्यान देकर इस सीवरेज से निकलने वाले गंदे पानी और खुला ढक्कन की समस्या ठीक करवायीं जावें।

# गांधी आश्रम अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

## पीड़ित परिवार को मुआवजा व अन्य समस्याओं के समाधान की मांग

द डेसिंप्रग



**सुजानगढ़।** गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बेदी ने आपदा मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के नाम एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने करंट लगने से हुई एक व्यक्ति की मौत पर प्रशासन द्वारा घोषित 5 लाख रुपए की सहायता राशि अब तक परिजनों को नहीं मिलने पर शीघ्र भुगतान की मांग की।ज्ञापन में उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि के कारण लोगों के घरों और दुकानों में पानी भरने से भारी नुकसान हुआ है, इसलिए प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जाए। साथ ही जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में जनहानि से बचा जा सके।उन्होंने एफसीआई में पड़ी करोड़ों रुपए की खराब गेहूं की बोरियों को तुरंत हटाने, जलभराव से टूटी सड़कों की शीघ्र मरम्मत करवाने और महामारी फैलने की आशंका को रोकने की मांग भी रखी।

# जिला कलक्टर रूपवास में शहरी व ग्रामीण सेवा शिविर में आमजन से हुए रूबरू

## 20 लाभार्थियों को किये स्वामित्व पट्टे जारी

## सभी पात्रजनों को शिविर में मौके पर मिले लाभ - जिला कलक्टर

द डेसिंप्रग







**भरतपुर, ।** जिला कलक्टर कमर चौधरी ने रूपवास उपखंड के ग्राम खानुआ में ग्रामीण सेवा शिविर तथा रूपवास में शहरी सेवा शिविर में भाग लेकर विभिन्न विभागों द्वारा लाभान्वित किए गए नागरिकों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र प्रदान किये। उन्होंने आमजन से रूबरू होते हुए कहा कि सेवा शिविरों में अधिक से अधिक भागीदारी निभाकर घर बैठे विभिन्न योजनाओं का लाभ लें, सरकार द्वारा अभियान के माध्यम से स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी विभाग योजनाओं की जानकारी देकर ग्राम पंचायत में पात्रता के आधार पर सभी नागरिकों का चयन करते हुए शिविर में लाभ प्रदान करें। उन्होंने विभागवार लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर दिनभर की उपलब्धियां की जानकारी ली तथा आम नागरिकों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र प्रदान किये। उन्होंने ग्रामीणों को टीवी मुक्त अभियान में भागीदारी निभाते हुए निश्चय मित्र बनने का आह्वान किया। ग्रामीणों द्वारा खानुआ के सोंधी पट्टी में बार-बार विद्युत लाइन फाल्ट होने की शिकायत पर उन्होंने विद्युत निगम को तीन दिवस में विद्युत तार बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में योजनाओं में सभी पात्रजनों की ई-केवाईसी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार सत्यापन, शौचालय विहीन परिवारों का चयन कर आधिकारिक लाभ दिए जाएं। उन्होंने राजस्व विभाग को किसानों की समस्याओं को स्वप्रेरित होकर निस्तारित करने के निर्देश दिए। शिविर में 30 किसानों को पीएम सुरक्षा योजना बीमा में लाभान्वित किया गया, कृषि विभाग द्वारा 25 किसानों को पीएम फसल बीमा योजना की पॉलिसी वितरित की, पालनहार योजना में 15 लाभान्वितों का सत्यापन किया, पेंशन योजना में दो नागरिकों का सत्यापन किया गया। राजस्व विभाग द्वारा 7 नामांतरण, धारा 136 के 18 प्रकरणों, कुरजात के दो प्रकरणों का निस्तारण किया। शिविर में आपसी सहमति से 16 बंटवारे, 20 नामांकन शुद्धि की गई, 10 जाति व 10 मूल प्रमाण पत्र जारी किये गये। पंचायत राज विभाग द्वारा 20 स्वामित्व पट्टे जारी किए, संपूर्ण स्वच्छता के तहत 72 नागरिकों के शौचालय निर्माण के लिए चयन किया गया, रसद विभाग द्वारा 137 केवाईसी, दो आधार सीडिंग, 6 एलपीजी मैपिंग की गई। चिकित्सा विभाग द्वारा 824 आयुष्मान कार्ड धारकों का सत्यापन किया गया, आईसीडीएस द्वारा 70 महिलाओं का पोषण किट के लिए चयन किया गया तथा 15 लाभान्वितों की ई-केवाईसी की गई। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी रूपवास विष्णु बंसल, विकास अधिकारी काजल शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शहरी शिविर में की जनसुनवाई - जिला कलक्टर ने नगरपालिका रूपवास में अम्बेडकर पार्क में आयोजित शिविर में जनसुनवाई कर आमलोगों की समस्याओं का सम्बन्धित विभागों से मौके पर निराकरण करवाया। शिविर में स्वनिधि योजना के 4 लाभार्थियों का चयन कर एक को ऋण वितरण किया गया। जन्म-मृत्यु पंजीयन के 14, नगरपालिका द्वारा वार्डों में 8 स्थानों पर पेच वर्क का कार्य किया गया, 10 पत्रावलियों का सत्यापन कर नागरिकों को लाभान्वित किया गया, सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत 2 नागरिकों का चयन किया गया, 4 पालनहार सत्यापन, 2 आधार सीडिंग, 1 पालनहार स्वीकृति का कार्य किया गया। चिकित्सा विभाग द्वारा 50 निश्चय मित्र पहचान पत्र वितरित किये, 60 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच, 9 का टीकाकरण किया गया, जलदाय विभाग द्वारा 1 हैण्डपम्प मरम्मत, विद्युत निगम द्वारा 9 समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी योगेश पिप्पल ने शिविर में किये गये कार्यों की जानकारी दी। भरतपुर नगर निगम के अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें निर्धारित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने 100 से अधिक शिकायतों पर विचार विमर्श किया और कुछ शिकायतों का समय के दौरान निस्तारण किया गया । शिकायतकर्ता सुबह के समय कम दिखाई दिये जैसे जैसे सांय होती गयी शिकायत कर्ता आने लगे। अधिकांश लोगों की शिकायत सड़क, नाली,रोड लाईट का अभाव , शहरी क्षेत्रों में दुग्ध डेरियो की भरमार व? डेरियो की गंदगी से सीवरेज बंद पड़ी हुई है , सफाई का अभाव, कचरा गाड़ी में माइक व सहायक का अभाव और बरसाती पानी क्षेत्रों में भरा रहना , पट्टे का अभाव, यूडी टैक्स की मार जैसे मुद्दों की भरमार रही । शिकायतकर्ता शहरी सेवा शिविर व्यवस्था देख कर खुश थे लेकिन तत्काल समस्या निस्तारण ना होने से ना खुश भी थे ।

# रानी नानी बाई रो मायरे का दूसरा दिन उमडा आस्था का सैलाब

द डेसिंप्रग



**नगराज वैष्णव।** रानी के गणेश मैदान धर्मवीर मैदान के पास सरोज प्रिया जी के मुखार विंद से चल रहे नानी बाई के मायरे के आज दूसरे दिन नानी बाई के मायरे की चिट्ठी लेकर महाराज जी आये तो नरसी जी ने चिट्ठी को पीपल में सावरिया सेठ के आगे रख दिया सावरिया सेठ ने कहा नरसी चिंता मत करो में भरूँगा मायरा नरसी जी जी मायरे की तैयारी में लग गए लोग हसने लगे मायरा कैसे भरेगा नरसी जी मायरे की तैयारी में 16 सुरिया ओर तुम्बो को ओर ठाकुर जी को लेकर रवाना हुए टूटी गाड़ी को ठीक करने के लिए भगवान खाती बनकर आये ओर नरसी जी को अंजार पहुँचा दिया प्रिया जी ने बताया की जीवन मे दुख में साथ भगवान ही देते हैं विश्वास मजबूत होना चाहिए आजकल लोग विश्वास नही करते संसार को अपना मानते हैं जिस पर विश्वास करना चाहिए वहां नही करके संसार की माया पर विश्वास करते हैं जिस कारण जीवन दुखी होता है संसार से बढ़कर भगवान को अपना माने तो ही जीवन का कल्याण होगा हर रात के बाद सवेरा जरूर होता हैं अगर दुख आया है तो सुख भी आएगा धूप के बाद छाया भी आती है कृष्ण मुरारी प्रेम परिवार के सदस्य नगराज वैष्णव ने बताया कि कल धूम धाम से सावरिया सेठ,राधा रुक्मणि के साथ नानी बाई का मायरा भरा जाएगा अद्भुत झाँकी के दर्शन भी होंगे इसी के साथ कथा विराम लेगी।

# जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत चाखु में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का सुनते हुए निस्तारण के दिए निर्देश

द डेसिंप्रग



**श्री राम भादू/फलोदी ।** जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने ग्राम पंचायत चाखु में रात्रि चौपाल लगाते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों से जवाब लेते हुए प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। चौपाल में पेयजल, पाइपलाइन दुरुस्त करवाने,विद्युत पोल सही करवाने, अतिक्रमण हटवाने,सड़क डामरीकरण व मरम्मत कार्य करवाने, रास्ता खुलवाने, नामांतरण निरस्त करवाने,घरेलू कनैक्शन करवाने, सहित विभिन्न विषयों से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए। जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को प्रकरणों के निस्तारण करने उपरांत रिपोर्ट कार्यालय भिजवाने के निर्देश दिए। पेयजल से संबंधित समस्याओं के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गांव में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएं ।

## ग्रामीण सेवा शिविर चाखु का निरीक्षण करते हुए

## जांची व्यवस्थाएं:-

जिला कलक्टर श्वेता चौहान द्वारा ग्राम पंचायत चाखु में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची तथा अधिकारियों को आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित कर राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए फीडबैक लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में उपखंड अधिकारी सुखराम पिण्डेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# खतरनाक कुत्ते के हमले से गाय और बछड़ी की मौत

## , विधवा महिला ने मांगी न्याय की गुहार

द डेसिंप्रग

**सितारगंज/(दीपक भारद्वाज)।** क्षेत्र के ग्राम पिन्डारी में एक विधवा महिला की दुधारू गाय और बछड़ी विदेशी नस्ल के खतरनाक कुत्ते के हमले का शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार पीड़िता भजन कौर पत्नी स्व. बलविंदर सिंह अपने परिवार का भरण-पोषण गाय के दूध बेचकर करती थी।पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही बेअन्त सिंह और उसका पुत्र जब्बर सिंह अपने घर पर विदेशी खतरनाक कुत्ते पालते हैं, जिन्हें लापरवाही से खुला छोड़ देते हैं। दिनांक 30 जुलाई 2025 की सुबह करीब 6 बजे उन्हीं में से एक कुत्ते ने उसकी दुधारू गाय (जो प्रतिदिन लगभग 12 लीटर दूध देती थी) और बछड़ी पर हमला कर दिया। इस दौरान गांव के अन्य पशु भी घायल हुए।पीड़िता ने बताया कि जब उसने बेअन्त सिंह से शिकायत की तो उल्टा उन्होंने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घायल पशुओं का इलाज सरकारी पशु चिकित्सालय में कराया गया, लेकिन 25 अगस्त को गाय और बछड़ी दोनों की मौत हो गई।

## आनन्द सिंह भवानीपुरा अखिल भारत हिन्दू क्रांति सेना के ' राष्ट्रीय मंत्री ' नियुक्त हुए

द डेस्प्रिंग



अखिल भारत हिन्दू क्रांति सेना के संरक्षक भंवर सिंह पलाड़ा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द सोनी ने समाजसेवी आनन्द सिंह भवानीपुरा को अखिल भारत हिन्दू क्रांति सेना को राष्ट्रीय मंत्री नियुक्त किया है आनन्द सिंह भवानीपुरा पूर्व में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष राजस्थानी भाषा संघर्ष समिति सीकर, पूर्व उपाध्यक्ष सीकर विकास मंच, अध्यक्ष श्री करणी नवयुवक मण्डल सीकर, प्रवक्ता शेखावाटी चारण महासभा सीकर सहित कई पदों पर कार्य कर चुके है आनन्द सिंह भवानीपुरा की नियुक्ति सामाजिक , राजनीतिक , प्रशासनिक व गैर राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है आनन्द सिंह भवानीपुरा ने बताया है कि सनातन धर्म व हिन्दू धर्म को लेकर सम्पूर्ण शेखावाटी क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर कार्य किया जाएगा

## भाजपा का जिला प्रबुद्ध जन सम्मेलन आज आयोजित होगा

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाडा के तहत आज शनिवार को दुपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय धौलपुर पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमे जिले के गणमान्य प्रबुद्ध जन भाग लेंगे। प्रबुद्ध जन सम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान भाजपा के प्रदेश पूर्व महामंत्री विराट नगर विधानसभा के विधायक कुलदीप धनखड़ कार्यक्रम को संबोधित करेंगेद्य सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत करेंगे। कार्यक्रम में संयोजक विनोद कुमार झा सहसंयोजक राजीव रस्तोगी एवं सतीश शर्मा होंगे ।

## धान की फसल के उचित दामों को लेकर किसानों की बैठक आज

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।**धान की फसल के उचित दामों को लेकर किसानों की महापंचायत आज शनिवार को आडा गेला बालाजी मंदिर परिसर पर रखी गई। बैठक में दर्जनों गांवों के किसान बनाएंगे आंदोलन की रणनीति पिछले वर्ष किसानों को हुआ भारी नुकसान 1 हजार से 1500 प्रति क्विंटल कम मिला दाम मंडियों में किसानों को लूट गया महापंचायत को लेकर युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने की दर्जनों गांवों में बैठके।

## शहरी सेवा शिविर अभियान-2025 का हुआ आयोजन




### पीडब्ल्यूडी में वार्ड संख्या 25, 26 एवं 27 के लिए लगाया गया शिविर

द डेस्प्रिंग

**बाड़ी/आशीष शर्मा ।**राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के आदेशानुसार तथा जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी, उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी एवं अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के निर्देशन में यह शिविर आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना,मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, पेंशन योजनाएँ, विवाह पंजीयन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना,बिजली-पानी कनेक्शन से संबंधित कार्य अन्य जनकल्याणकारी सेवाएँ एवं योजनाएँ दी गई।

इस दौरान शिविर में अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी निश्चल बैनर्जी, वरिष्ठ प्रारूपकार सुधीर कुमार त्यागी, सफाई निरीक्षक यादवेंद्र सिंह तोमर, वरिष्ठ सहायक लोकेश गर्ग, कनिष्ठ लिपिक कामिनी श्रीवास्तव, टाऊन प्लानिंग स्पेशलिस्ट (पीएमएवाई) तपेश बिधूडी, सामुदायिक संगठक जोगेन्द्र मीणा, शिवशंकर पचौरी, अंकित कुमार, पुनीत कपरेला, रामकुमार कोली, कल्याण सिंह, पार्षद ओमवीर सिंह चौधरी, कृष्णा हरदैनिया, आकाश यादव, पूर्व वाइस चेयरमैन राजू शर्मा, प्रवीण सिंघल, सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, अन्य गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।शिविर में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया।

# पूर्व गृह मंत्री प्रदुम्न सिंह के जन्मदिन पर रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर** ।राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व राजाखेड़ा विधायक प्रद्युम्न सिंह बोहरा उर्फ़ कप्तान बाबू के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राजाखेड़ा राजकीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि रक्त दान महादान होता है



इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता है इंसान की जान बचाने के लिए किसी भी समय रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। इंसान की मदद करने के लिए रक्त दान हमेशा करना चाहिए एक व्यक्ति तीन महीने में एक बार रक्त दान कर सकता है। हमें इसे पुण्य कार्य के लिए तत्पर रहना चाहिए जिससे इंसान की मदद की जा सके।अल्पसंख्यक विभाग सीकर नीमकाथाना के जिला प्रभारी सुलेमान फारूकी ने अपने सहयोगियों के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई।बाड़ी विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी प्रशान्त परमार के नेतृत्व में बाड़ी की टीम ने राजाखेड़ा पहुंच कर रक्त दान किया। रक्तदान शिविर में विशेष रूप से राशिद खान (संभाग सह संयोजक, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग सोशल मीडिया भरतपुर), पाउ फारूकी, जाकिर खान,विष्णु कुमार, एवं नासिर खान (जिला अध्यक्ष, नगर निकाय प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी धौलपुर) ने अपनी पूरी टीम के साथ रक्तदान कर मानवीय सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया।इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने कप्तान बाबूजी के जनसेवा के आदर्शों को याद करते हुए संकल्प लिया कि वे समाजसेवा और जनहित के कार्यों में निरंतर अग्रसर रहेंगे। इस मौके पर उनके निवास पर पहुंच कर जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष धौलपुर कांग्रेस कमेटी शिब्बू दयाल लोधा, आजाद मिर्जा,रोशनी शिवहरे, सबनम खान, सवाना खान, शायना खान, नाजरीन खान, अकरम खान,

## जिला स्तरीय तृतीय विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह व कैरियर काउंसलिंग शिविर 21 को, पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

द डेस्प्रिंग

**रामगढ़ अलवर राजस्थान अमित भारद्वाज ।** विप्र फाउंडेशन अलवर की बैठक मनुमार्ग स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रांगन मे आयोजित कर प्रमुख पदाधिकारी को विभिन्न समितियां का गठन कर कार्य की जिम्मेदारी सौंप गई है, जिला स्तरीय तृतीय विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह व करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन आगामी 21 सितंबर रविवार को सुबह 10:00 बजे प्रताप ऑडिटोरियम मे किया जाएगा।

**विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष पीयूष पंडित जडला ने बताया कि** इस समारोह में ब्राह्मण समाज की 350 मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने शिक्षा, प्रतियोगिता परीक्षाओं, खेलकूद,एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त कर समाज का नाम गौरवान्वित किया है। समारोह के मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा होंगे मुख्य वक्ता विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय



उपाध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज होंगे विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न गणमान्य व्यक्ति होंगे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विप्र फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा करवाई जावेगी। समारोह में करियर काउंसलिंग शिविर को विभिन्न विषय विशेषज्ञ अपना वक्तव्य प्रतिभागियों के समक्ष रखेंगे इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष एवं युवा भाग लेंगे।

## गंगापुर सिटी में अग्रवाल खंडेलवाल समाज के लोगों पर पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज करने से जुड़ा मामला

### घटना को लेकर अग्रवाल समाज संस्थान धौलपुर के लोगों में भारी रोष

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव ।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पूर्वी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग व धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति के जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल के संयुक्त नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर निजी सहायक अर्जुन सिंह को ज्ञापन सौंपा। अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान अध्यक्ष गिरीश गर्ग एवं अग्रवाल महासमिति जिला अध्यक्ष ऋषि



मित्तल ने पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की कड़ी निन्दा करते कहा कि दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ सखूत कानूनी कार्रवाई हो और दोषियों को सजा मिले। लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुख्यमंत्री को शख्त कार्रवाई करने की माँग की है। पूर्वी राजस्थान अग्रवाल समाज के बंधुओं में रोष व्याप्त है। अग्रवाल महासमिति जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल ने बताया कि यदि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ सखूत कार्रवाई नहीं की जाती है तो अग्रवाल समाज सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगा। और धरना प्रदर्शन करेगा। ज्ञापन सौंपने वालो में पूर्व जिला अध्यक्ष महेश चन्द्र मंगल एवं अन्य अग्रवाल महासमिति के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नारद मोह के साथ रामलीला का हुआ भव्य शुभारंभ

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक

**सोनभद्र थाना ।** अनपरा परिक्षेत्र में स्थित अनपरा तापीय परियोजना आवासीय परिसर कॉलोनी स्थित रामलीला मैदान में रामलीला का विधिवत पूजा पाठ करके शुभारंभ किया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजन से हुई मुख्य अतिथि एवं परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं जे पी कटियार एवं ज्योतिपुंज महिला मंडल की अध्यक्षता सुमन कटियार ने संयुक्त रूप से रामलीला का उद्घाटन किया द्य रामलीला के व्यास ने मुकुट एवं शस्त्रों का पूजन कराया। तत्पश्चात नारद मोह का मंचन किया गया । मुख्य अतिथि इंजीनियर जे पी कटियार ने कहा कि



रामलीला के द्वारा हमें जीवन के कई महत्वपूर्ण मूल्यों को सीखने को मिलता है जैसे माता-पिता का सम्मान, भाईचारे का महत्व, साहस, धैर्य और सच्चाई, अच्छाई की हमेशा जीत होती है हमें यह भी सीख मिलता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी शांत रहने और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने की प्रेरणा देती है इसके अलावा रामलीला सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने में मदद करती है, परिवार का महत्व बताती है श्री रामचंद्र जी के जीवन चरित्र को दर्शाता है, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से इं दूधनाथ (महाप्रबंधक) अ और ब ताप रीना चतुर्वेदी, अधीक्षण अभियंता इं कर्मेंद्र सिंह, इं एस पी यादव, इं महेंद्र सिंह, कमांडेंट नीतीश कुमार तोमर, असिस्टेंट कमांडेंट डी के शर्मा, अधिशासी अभियंता इं अदालत वर्मा, इं परमेंद्र चौधरी, ज्योतिपुंज महिला मंडल की सचिव अभिलाष यादव एवं अन्य कार्यकारी उपस्थिति रही समिति के अध्यक्ष बीके आनंद एवं सचिव अभिषेक सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, राजकुमार यादव, इंद्र कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, बृज बिहारी यादव, राकेश जयसवाल, रविकांत गोड, श्याम बिहारी सिंह, जितेंद्र जायसवाल, प्रभाकर सिंह, समिति के अन्य पदाधिकारीगण एवं कॉलोनी रहवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे ।

## नामदेव महिला मंडल का गरबा महोत्सव कार्यक्रम 22 को

द डेस्प्रिंग न्यूज़




**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।**नामदेव महिला मंडल के तत्वाधान में नवरात्रि के अवसर पर होने वाले गरबा महोत्सव को लेकर नामदेव पंचायत भवन में महिला मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक मे महिला मंडल की सर्वसम्मति से एक दिवसीय गरबा महोत्सव कार्यक्रम करने का निर्णय लिया नामदेव महिला मंडल के तत्वाधान में 22सितम्बर को नामदेव पंचायत भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर नामदेव समाज की महिलाओं में उत्साह देखा जा रहा है नामदेव महिला मंडल ने गरबा महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए नामदेव महिला मंडल की ओर से तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया।

## अशोक कुमार मीणा को हरदोई स्थानांतरण पर सोनभद्र में दी गई भावभीनी विदाई

द डेस्प्रिंग

**सोनभद्र** । पुलिस लाइन चुर्क, जनपद सोनभद्र में एक भावुक और गरिमामयी समारोह में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा को उनके जनपद हरदोई स्थानांतरण पर जनपदीय पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अशोक कुमार मीणा जी के सोनभद्र में किए गए सराहनीय कार्यकाल, प्रशासनिक नेतृत्व एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन की प्रशंसा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने पुलिस अधीक्षक को फूलमालाएं पहनाकर उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं तथा सोनभद्र पुलिस परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर कृतज्ञता प्रकट की। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा जी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में सोनभद्र में बिताए गए समय को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि "इस जनपद में सेवा करना मेरे लिए गौरव की बात रही। आपके सहयोग,






समर्पण और आत्मीयता के बिना कोई भी लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं था।" उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके निरंतर प्रयासों, अथक परिश्रम और प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।उन्होंने विशेष रूप से त्योहारों एवं अन्य संवेदनशील अवसरों पर पुलिस विभाग की सतर्कता, अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि "हर चुनौती को हम सबने एकजुट होकर सफलतापूर्वक पार किया।" अंत में उन्होंने सभी को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं और कहा कि सोनभद्र जनपद उनके हृदय में सदैव विशेष स्थान बनाए रखेगा। यह विदाई समारोह न केवल एक अधिकारी की विदाई थी, बल्कि उनके कार्यकाल के प्रति सम्मान, अपनत्व और कृतज्ञता की एक प्रेरणादायक अभिव्यक्ति भी थी। अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल, क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय, क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर राबर्ट्सगंज रणधीर कुमार मिश्रा, चारु द्विवेदी क्षेत्राधिकारी लाईन/यातायात मुख्यालय ,क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पांडेय व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## गौ माताओं की चारा खिलाकर की सेवा




द डेस्प्रिंग न्यूज़

**भरतपुर।** महाराजा श्रीं अग्रसेन सेवा संस्थान राजेन्द्र नगर जवाहर नगर भरतपुर द्वारा अग्रसेन जयंती के कार्यक्रमों के अंतर्गत काली बगीची गौशाला में गौ माताओं के लिए चारा, गुड, आटा, चापड़ आदि खिलाकर गौ सेवा की।

**संस्थान कॉर्डिनेटर राकेश गुप्ता ने बताया की** गौशाला में रहने वाली गली लगभग 50 गायों को चारा खिलाकर गौ सेवा की गई।

गोशाला के महंत श्री बंटू पंडित बताया कि गौशाला में रहने वाली सभी सभी गऊ माता अच्छी नस्ल की है जिनकी साफ सफाई, चिकित्सा आदि का पूर्ण ध्यान रखा जाता है। उन्होने बताया कि गऊ माता में सभी देवताओं का वास होता है। संस्थान अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता बृज हनी वालो एवं महामंत्री कपिल गुप्ता ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया

कार्यक्रम संयोजक संतोष गर्ग (बूंची राम बद्री प्रसाद) एवं कृष्ण कांत गर्ग थे। कार्यक्रम में प्रमेंद्र गुप्ता, पंकज सिंघल, ष्डु मुनेश गुप्ता, संजय बंसल, कपिल बंसल, अनिलसिंघल महिला इकाई अध्यक्ष मीरा गर्ग के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं भक्त उपस्थित रहे।

# जोधपुर देहात के बनाड़ मंडल में भाजपा की कार्यशाला संपन्न

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव ।** भाजपा ने बनाड़ मंडल में आयोजित की कार्यशाला, सेवा पखवाड़ा और नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स, आत्मनिर्भर भारत पर हुई विस्तृत चर्चा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश एवं जिला निर्देशानुसार भोपालगढ़ विधानसभा के बनाड़ मंडल की कार्यशाला का आयोजन पिलार बालाजी मंदिर, बनाड़ रोड पर किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से सेवा पखवाड़ा, नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और सांसद खेल महोत्सव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष




महिपाल सिंह राजपुरोहित बाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ मुख्य वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ने किया मार्गदर्शन उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाएगा, जिसमें स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, रक्तदान सहित विभिन्न जनसेवा गतिविधियाँ शामिल होंगी । साथ ही, उन्होंने नए मतदाताओं को जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

### इन पदाधिकारियों ने लिया भाग

कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष माधु सिंह, जिला मंत्री एडवोकेट वीरेंद्र सिंह गोदारा, जिला प्रवक्ता एडवोकेट कमलेश चौधरी, जिला मंत्री नरेश कुमार गोयल सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान अर्जुन सिंह शक्तावत, भंवरलाल बिश्नोई, मेघ सिंह डूडी, श्रीमती प्रियंका श्रवण कुमार विश्नोई, रामदिन धुंधवाल, हुक्म सिंह, जैताराम कालीराणा, हनुमान राम धतरवाल, रामचन्द्र विश्नोई,बगडू राम,रामनिवास तेतरवाल,निंबाराम थाकन,नरपत फोनन,घेवर राम देवासी,बाल सिंह, माधु सिंह,अनूप सिंह, सुखराम कालीराणा, उमेद राम, भंवर लाल देवासी, राजू सिंह ,भंवर सिंह,गोपा राम, जगदीश राम दर्जी, श्रवण सिंह, पुनाराम, कालू सिंह, सवाई सिंह, हनुमान राम पटेल, ओम प्रकाश गौड़, मंगलाराम चौधरी,रामलाल, पप्पू राम, महेंद्र राम,रूपाराम,हरिराम, पुखराज, अर्जुन, मनोज, शेरा राम,भागीरथ तथा अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित है

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर केक काटकर किया सम्मान

कार्यशाला के समापन के बाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वृंदावन गार्डन में केक काटकर भोजन प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की।

### महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

1. सेवा पखवाड़ा इस अभियान के तहत स्वच्छता, पौधारोपण, रक्तदान जैसी जनसेवा गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी
2. नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म्स जीएसटी में सुधार से गरीब, व्यापारी, उद्योगपति सभी को लाभ मिलेगा, यह देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।
3. आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों और उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।
4. सांसद खेल महोत्सव खेलों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करने और समुदायिक सहभागिता बढ़ाने की योजना पर चर्चा हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के आदेशानुसार, सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की गई है कि वे सेवा पखवाड़ा अभियान को जन अभियान बनाएं और इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें । साथ ही, जनप्रतिनिधि से भी इस तरह के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का अनुरोध किया इस कार्यशाला के माध्यम से भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को आगामी योजनाओं और अभियानों के प्रति जागरूक किया और सामूहिक प्रयासों से देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति और समृद्धि की कामना की।

# अडाणी को क्लीन चिट मिलने के बाद क्या अब हिंडनबर्ग और राहुल गांधी माफी मांगेंगे



नीरज कुमार दुबे

**हम आपको याद दिला दें कि हिंडनबर्ग ने अपने तथाकथित रिसर्च रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मैनिपुलेशन और फर्जी अकाउंटिंग के आरोप लगाए। रिपोर्ट ऐसे समय में जारी की गई जब अडाणी एंटरप्राइजेज अपना 20,000 करोड़ रुपये का मेगा पब्लिक ऑफर लाने जा रही थी।**

जनवरी 2023 में अमेरिकी शॉर्ट-सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने भारतीय उद्योग जगत के सबसे बड़े नामों में शुमार अडाणी समूह पर गंभीर आरोप लगाए। आरोपों का स्वरूप इतना सनसनीखेज था कि देखते ही देखते शेयर बाजार में भूचाल आ गया। करोड़ों निवेशकों की मेहनत की कमाई रातों-रात डूब गई और भारत की वैश्विक आर्थिक साख पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश हुई। यह केवल एक कॉर्पोरेट विवाद नहीं था, बल्कि भारत की औद्योगिक प्रगति को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश थी।

हम आपको याद दिला दें कि हिंडनबर्ग ने अपने तथाकथित रिसर्च रिपोर्ट में अडाणी समूह पर स्टॉक मैनिपुलेशन और फर्जी अकाउंटिंग के आरोप लगाए। रिपोर्ट ऐसे समय में जारी की गई जब अडाणी एंटरप्राइजेज अपना 20,000 करोड़ रुपये का मेगा पब्लिक ऑफर लाने जा रही थी। इसका सीधा असर यह हुआ कि निवेशकों का विश्वास हिल गया और शेयरों में भारी गिरावट दर्ज हुई। चिंता की बात यह थी कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने भी इस रिपोर्ट को सच मानकर इतना दुष्प्रचार किया मानो पूरा अडाणी समूह भ्रष्टाचार और घोटालों का अड्डा हो। संसद से लेकर सड़क तक इस रिपोर्ट को हथियार बनाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हुई। इस राजनीतिकरण ने विदेशी निवेशकों में भी भ्रम फैलाया और भारत के कॉर्पोरेट जगत की विश्वसनीयता पर आघात पहुँचा।

लेकिन लगभग दो साल की लंबी और गहन जाँच के बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने साफ कह दिया है कि अडाणी समूह के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और आधारहीन थे। जाँच में पाया गया कि जिन वित्तीय लेन-देन को हिंडनबर्ग ने 'फर्जी' बताया, वे सब कानूनी रूप से वैध ऋण और पुनर्भुगतान थे। न तो धन का गबन हुआ, न ही किसी अवैध पार्टी को फायदा पहुँचाया गया। यहाँ तक कि जाँच के दौरान लिए गए सभी ऋण ब्याज समेत वापस किए गए। SEBI ने अपने आदेश में यह



भी कहा कि इन लेन-देन को 'रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन' या 'फजीवाड़ा' नहीं कहा जा सकता। यानी, आरोपों का कोई कानूनी या आर्थिक आधार ही नहीं था।

देखा जाये तो हिंडनबर्ग रिपोर्ट के चलते जो हुआ, वह किसी भी देश के उद्योग जगत के लिए चेतावनी है। अडाणी समूह के शेयरों में अचानक भारी गिरावट आई। छोटे-बड़े करोड़ों निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा। यह नुकसान केवल अडाणी का नहीं था, बल्कि भारत के वित्तीय बाजार और निवेश माहौल का भी था। गौतम अडाणी ने स्वयं कहा कि इस विवाद से उन्हें सबसे अधिक दुख इस बात का है कि आम निवेशकों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यह कथन उनकी व्यक्तिगत पीड़ा को दशार्ता है और यह भी बताता है कि एक सुनियोजित झूठ कितनी बड़ी आर्थिक तबाही ला सकता है।

देखा जाये तो हिंडनबर्ग की यह रिपोर्ट मात्र एक रिसर्च डॉक्युमेंट नहीं थी। यह स्पष्ट था कि इसके पीछे राजनीतिक और आर्थिक स्वार्थ छिपे हुए थे। एक तरफ अमेरिकी और पश्चिमी ताकतें भारत की तेज आर्थिक वृद्धि और उसके वैश्विक प्रभाव से चिंतित थीं, दूसरी तरफ कुछ घरेलू राजनीतिक दलों ने इसे अपने लाभ के लिए हथियार बना लिया। इस साजिश का परिणाम यह हुआ कि भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने की कोशिश हुई। विदेशी मीडिया ने भी इस विवाद को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया। परंतु समय ने साबित कर दिया कि यह सब केवल भारत की औद्योगिक क्षमता को चोट पहुँचाने का प्रयास था।

अब जबकि सेबी की रिपोर्ट ने सभी आरोपों को झूठा सिद्ध कर दिया है, तो सबसे पहला कर्तव्य हिंडनबर्ग और उनके समर्थकों का बनता है कि वे भारत और निवेशकों से माफी मांगें। इसके साथ ही, भारत के विपक्षी दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या केवल राजनीतिक विरोध के लिए वे ऐसी अंतरराष्ट्रीय साजिशों का हिस्सा बन सकते हैं? लोकतंत्र में असहमति और आलोचना जरूरी है, लेकिन जब बात राष्ट्रहित और निवेशकों के विश्वास की हो, तो विपक्ष को भी जिम्मेदारी दिखानी चाहिए।

हिंडनबर्ग रिसर्च तो अपनी कंपनी बंद कर चुका है, लेकिन उसकी अप्रमाणित रिपोर्ट के आधार पर देश की संसद का पूरा सत्र ठप करने वाले विपक्षी दल आज भी सक्रिय हैं। उस समय जिस तरह से उन्होंने निराधार आरोपों को हवा दी, विदेशी एजेंडे को ताकत दी और करोड़ों निवेशकों के भरोसे को चोट पहुँचाई, वह केवल राजनीतिक अवसरवाद नहीं बल्कि राष्ट्रीय हितों के साथ खिलवाड़ था। आज जबकि सच सामने आ चुका है और नियामक संस्था ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है, विपक्षी दलों को कम से कम देश और जनता से माफी माँगनी चाहिए।

बहरहाल, हिंडनबर्ग प्रकरण ने हमें यह सिखाया है कि किसी विदेशी रिपोर्ट या आरोप को आँख मूँदकर सच नहीं मान लेना चाहिए। इस मामले ने करोड़ों निवेशकों को झकझोरा, अडाणी समूह की छवि को धक्का पहुँचाया और भारत की साख को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौती दी। परंतु अंततः सच्चाई सामने आई और स्पष्ट हुआ कि यह सब एक रचा-बसा षड्यंत्र था। अब समय आ गया है कि न केवल हिंडनबर्ग, बल्कि इस साजिश में शामिल राजनीतिक ताकतें भी देश और निवेशकों से सार्वजनिक रूप से माफी माँगें। क्योंकि भारत की औद्योगिक प्रगति किसी एक कंपनी की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की आर्थिक शक्ति का प्रतीक है। और उस पर चोट करना सीधे-सीधे राष्ट्रहित पर चोट करना है।

## संपादकीय

### लाठी अदालत की

सुप्रीम कोर्ट ने सर्दियां शुरू होने से पहले तीन सप्ताह के भीतर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डो, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग व केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड.को वायु प्रदूषण रोकने के उपाय पेश करने को कहा है। उप्र, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब जैसे राज्यों से नाराजगी जताते हुए रिक्तियां भरने के लिए छह महाने का समय दिया। वायु गुणवत्ता आयोग केंद्र सरकार का वैधानिक निकाय है जिसका लक्ष्य दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता का प्रबंधन व सुधार करना है। दिल्ली एनसीआर में हरियाणा, उप्र, राजस्थान व पंजाब के हिस्से शामिल हैं, जो प्रति वर्ष सर्दियों में भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में आ जाते हैं। पीठ ने दंड़ प्रावधानों पर भी जोर दिया। अदालत के बार-बार कहने के बावजूद राज्य सरकारों की तरफ से वायु गुणवत्ता के सुधार के ठोस कदम नहीं उठाए जाते। आयोग के गठन के बावजूद समाधान ढूंढ़ने व राज्यों तथा एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर परिवर्तनकारी मानक नहीं बनाए गए हैं। सर्दियां शुरू होते ही वाहनों के धुएं, धूल-मिट्टी, कारखानों व पराली जलाने के कारण पर्यावरण पर गहरी चादर छा जाती है जो श्वसन-तंत्र के लिए घातक सिद्ध होती है। वाहन उत्सर्जन मानकों को तय करने सालों-साल से चर्चा हो रही है। किसानों या पड़ोसी राज्यों को इस प्रदूषण का दोषी ठहरा कर दिल्ली अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती। निर्माण कार्य रोकने का सीधा असर दिहाड़ी मजदूरों को झेलना पड़ता है। पुराने वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी से साधारण यात्री की दिक्कतों का अंदाजा वातानुकूलित लग्जरी कारों में बैठने वाले नहीं लगा सकते। फिजूल बातें, अपुष्ट दावों, नौकरशाही व जिम्मेदारी से हाथ झाड़.कर सिर्फ सालोंसाल राजनीति की जाती है। बीते साल राजधानी की वायु गुणवत्ता सूचकांक पांच सौ के पार जाने पर तहलका मच गया था। मगर नागरिकों के हितों की अनदेखी और स्वास्थ्यगत जटिलताओं के प्रति उपेक्षा बरतते हुए सरकारों ने तात्कालिक उपायों पर ही जोर लगाया। ठोस कदम उठाने या संकट से निपटने की तैयारी करने के प्रति सरकारी रैवया उदासीन बना हुआ है। अदालत से फटकार के बावजूद संस्थाओं तथा आयोगों के अविवेक, अकर्मणयता व शक्तिहीनता का खमियाजा अंततः आम नागरिक को भुगतना पड़ता है। प्रदूषण के चलते सबसे अधिक दुर्दशा गरीबों व दिहाड़ी कामगारों की होती है जिस पर विचार करने में सरकार को कोताही नहीं करनी चाहिए।

## चिंतन-मनन

### अनमोल हैं कड़वे बोल

किसी ने कहा है कि अंधेरे में माचिस तलाशता हुआ हाथ, अंधेरे में होते हुए भी अंधेरे में नहीं होता, इस तलाश को अपने भीतर निरंतर जीवित रखना कोई साधारण बात नहीं है, परंतु जो लोग सफर की हदों को पहचानते हैं, जिन्हें हर मंजिल के बाद किसी नए सफर पर चल पड़ने की लत है, उनके भीतर से यह खोज कभी खत्म नहीं होती। अचूक शैली में, अपने क्रांतिकारी विचारों से लोगों को अपनी ही खोज के तौर तरीके बताने वाले राष्ट्रसंत मुनि तरुणसागर जी महाराज की वाणी सहज आकर्षण का विषय बन गई है। ऐसे समय में जब अपने हक में हर खुशी बटोर लेने की अदम्य लालसा लोगों को दुनिया के दु?ख दर्द से कोसों दूर ले जा रही है। मुनि श्री दुनिया को खुशी और गम की सही परिभाषा बता रहे हैं। यह सिर्फ संयोग नहीं है कि वे जहां भी पहुंचते हैं, सबसे पहले यही कहते हैं कि मैं कथा सुनाने नहीं जीवन की व्यथा सुनाने आया हूं। यह व्यथा घर-घर की कहानी है, जिसे एक बड़े आईने की शक्ल में सामने रखकर मुनि तरूण सागर जी पुकार कर कह उठते हैं कि इसे न तो ठुकराओ, न ही झुठलाने की कोशिश करो, बेहतर यही है कि इस व्यथा के बीच से ही जीवन का रस हासिल कर लो। मुनि तरुण सागर जी के बोल, सुनने वाले को भावित-प्रभावित तो करते ही हैं, उसे झकझोर कर भी रख देते हैं। उन्हें सुनते समय या पढ़ते समय आप अनुभव करते हैं कि आपकी अपनी जिंदगी एक धारावाहिक के रूप में आपकी आंखों के सामने तैरने लगी है। उनकी वाणी अतीत की जड़ता से उबारने और वर्तमान की लापरवाही के प्रति सचेत करने का काम करती है। वह आपके जख्मों को सहलाने के बदले यदि अधिक कुरदने की मुद्रा में दिख भी रही हो तो भी यह नहीं भूलना चाहिए कि मुनि श्री आपको स्थाई रूप से तंदुरूस्त बनाने का उद्यम कर रहे हैं। सूत्र शैली में संदेश देने वाले मुनि तरूण सागर जी को अपनी वाणी को कड़वे प्रवचन कहने पर इत्मीनान यदि है तो सिर्फ इसलिए कि वे जानते हैं, इंसान की प्रवृत्ति और कभी न बदलने की उसकी जिद इतनी कठिन और जटिल है कि सीधी उंगली से घी निकालना मुमकिन नहीं है। आज साहित्य, संस्कृति और समाज के हर मंच पर महिला जागृति या नारी विमर्श का दौर ही चल पड़ा है। मुनि तरूण सागर जी साफ शब्दों में कहते हैं कि समाज पुरुष प्रधान है, परंतु याद रखना चाहिए कि महिलाओं की भूमिका पुरुषों से भी बड़ी है। वे सत्य से मुंह मोड़ने या पीछे हटने वाले समाज को न सिर्फ जगाते हैं बल्कि अपने कड़वे बोल से कोसने में भी कोई गुरेज नहीं करते। सच के पाखंडी चेहरे को पहचानने वाली उनकी गहरी दृष्टि सजग करती हैं कि वास्तव में जो सत्य है उसे किसी बनावट की जरूरत नहीं है। संघर्ष में सत्य परेशान हो सकता है किन्तु पराजित नहीं होता।

## माधव विश्वविद्यालय के विधि विभाग की ओर स्वरूपगंज के राजकीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

द डेस्प्रिंग



**आबूरोड़ ।** माधव विश्वविद्यालय के विधि विभाग की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, स्वरूपगंज में एक विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी जानकारी देना और सामाजिक-वैधानिक मुद्दों के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, बाल विवाह सहित कई महत्वपूर्ण कानूनी विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विधि विभाग के विद्यार्थी अंजली कुमावत, नीलिमा सिंह, प्रद्युम्न, जितेन्द्र देवासी, जिया, मोनिका, रीद्धि और अनवर हुसैन ने कानून के विभिन्न प्रावधानों को सरल भाषा में समझाकर छात्रों को जागरूक किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवानाराम मीणा ने अपने संबोधन में कानून के महत्व और समाज में इसके सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता से ही विद्यार्थी एक जिम्मेदार और सशक्त नागरिक बन सकते हैं। इस अवसर पर माधव विश्वविद्यालय विधि विभाग की ओर से डॉ. विद्या शक्तावत, डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. सुरेन्द्र मीणा, डॉ. मनोज पूनिया, डॉ. मनोज यादव, मानवेन्द्र राजपुरोहित और विनीता मीणा, वहीं विद्यालय की ओर से व्याख्याता गणेशराम पुरोहित, वी. साधना, चुन्नीलाल चौधरी (एनएसएस प्रभारी), प्रतापराम, प्रतीक अग्रवाल, माया यादव, तुलसीराम और भूपेंद्र कुमार पुरोहित मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेश कुमार त्रिवेदी ने किया। शिविर ने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक कर उन्हें एक सशक्त और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित किया।

## माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

द डेस्प्रिंग





**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में आईसीआर के पूर्व उप महानिदेशक डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय ÷बेहतर सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण हेतु कृषि, मानविकी और संबद्ध विज्ञानों में वैज्ञानिक नवाचार÷ रखा गया। मुख्य अतिथि आईसीआर के पूर्व उप महानिदेशक डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि भारत आज खाद्यान्न, दुग्ध उत्पादन एवं कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर है और बड़े पैमाने पर निर्यात कर रहा है। यह उपलब्धि किसानों की मेहनत और वैज्ञानिक शोध का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों को अपनाकर कृषि क्षेत्र को और सशक्त बनाएं। चांसलर हिम्मत सिंह देवल ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन ज्ञान और शोध का साझा मंच है, जहां देशभर के विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। प्रेसीडेंट डॉ. राजीव माथुर ने कहा कि ऐसे आयोजन शैक्षणिक वातावरण को नई दिशा देते हैं। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने वाइटल बायोटेक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए तत्पर रहेगा। होम्योपैथी विभाग की निदेशक डॉ. भारती देसाई ने कहा कि यह सम्मेलन विद्यार्थियों, शोधार्थियों व कृषि समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे आयोजन वर्ष में कम से कम दो बार होने चाहिए। वाइटल बायोटेक के निदेशक डॉ. जितेंद्र मेहता ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनका पहला कार्यक्रम माधव विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि 20 सितंबर तक चलने वाला यह सेमिनार देशभर के प्रतिभागियों के लिए यादगार बनेगा। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गीतम सिंह ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन में प्रगतिशील किसान, प्रोफेसर, शोधार्थी एवं विद्यार्थी अपने शोध और अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, शिक्षक व स्टाफ मौजूद रहे।

## धौलपुर पुलिस परिवार में गौरव का क्षण

**धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़**

द डेस्प्रिंग



जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमान विकाश सागवान जी ने अपने करकमलों से श्री रामनरेश त्यागी (नगला हरलाल) को कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नत करते हुए (HC Sign) लगाकर सम्मानित किया। यह उपलब्धि केवल एक पदोन्नति नहीं, बल्कि उनकी निष्ठा, कर्तव्यपरायणता और समाज की सेवा में किए गए अद्वितीय योगदान का प्रतीक है। श्री रामनरेश त्यागी जी ने सदैव अपने उत्तम कार्य और ईमानदार छवि से पुलिस विभाग ही नहीं बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। पदोन्नति की इस खुशी को धौलपुर पुलिस स्टाफ ने भी उत्साह और गर्व के साथ साझा किया। यह क्षण पूरे पुलिस परिवार के लिए प्रेरणादायी है कि लगन और मेहनत से कार्य करने पर हमेशा उचित सम्मान और पहचान मिलती है।

### हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

हम सभी की यही मंगलकामना है कि श्री रामनरेश त्यागी जी अपने कर्तव्यों का इसी निष्ठा और समर्पण से निर्वहन करते हुए समाज व विभाग को निरंतर गौरवान्वित करते रहें।

## ग्राम जलखेड़ी में 6 वर्षों से लंबित भूमि विवाद का हुआ समाधान

द डेस्प्रिंग



**चित्तौड़गढ़ / मनीष धोबी ।** डूंगला पंचायत समिति की लोठियाना ग्राम पंचायत के ग्राम जलखेड़ी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज हुई।

ग्राम जलखेड़ी के निवासी प्रेम कुवंर पत्नी अभय सिंह एवं वीरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र हरिसिंह के बीच खाता संख्या 126 से संबंधित भूमि के बंटवारे का विवाद पिछले 6 वर्षों से लंबित था। इस मामले के कारण दोनों परिवार असुविधा और अनिश्चितता में जीवनयापन कर रहे थे। शिविर के दौरान राजस्व विभाग की टीम ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण किया। तत्पश्चात, प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रिय मध्यस्थता से आपसी सहमति बनी और भूमि का न्यायसंगत एवं पारदर्शी विभाजन सुनिश्चित किया गया। इस समाधान के साथ ही वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो गया, दोनों परिवारों को उनकी हिस्सेदारी का स्पष्ट स्वामित्व मिल गया और भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना भी समाप्त हो गई। ग्रामीणों ने इस त्वरित निस्तारण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही से वास्तव में ÷सरकार आपके द्वार÷ की भावना साकार होती है।

## राष्ट्र सेवा पुरस्कार 2025 से सम्मानित इमरान खान को इंडियन मीडिया काउंसिल में राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष किया नियुक्त

द डेस्प्रिंग



**जयपुर ।** एडवोकेट इमरान खान को भारत सेवा सोसाइटी द्वारा प्रतिष्ठित ÷राष्ट्र सेवा पुरस्कार 2025÷ से सम्मानित किया गया है। यह राष्ट्रीय सम्मान उन्हें सामाजिक कल्याण, मानवाधिकार, प्रेस की स्वतंत्रता और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया। एडवोकेट इमरान खान, कोटा निवासी, न केवल एक सफल वकील हैं बल्कि व्यवसाय और सामाजिक सेवा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने वकालत के माध्यम से वंचित वर्गों को न्याय दिलाने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया है। साथ ही हाल ही में उन्हें इंडियन मीडिया काउंसिल द्वारा राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें पत्रकारिता की स्वतंत्रता और जनसरोकारों के मुद्दों पर और सशक्त भूमिका निभाने का अवसर देगा। एडवोकेट खान पहले भी इंडियन प्रेस कमीशन के उपाध्यक्ष के रूप में प्रेस की स्वतंत्रता और पारदर्शिता के पक्ष में सक्रिय रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में उनके प्रयासों ने राजस्थान के अनेक वंचित समुदायों को लाभान्वित किया है। राष्ट्र सेवा पुरस्कार 2025÷ उनके जीवनपर्यंत समर्पण और सेवा भावना की पहचान है। उनकी यह उपलब्धि न केवल राजस्थान बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा है।

## सेवा पर्व 2025 विकसित भारत के रंग कला के संग मैंने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**सेवा पर्व 2025 विकसित भारत के रंग कला के संग मैंने महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन**

द डेस्प्रिंग



पुरातत्व विभाग , पर्यटन विभाग,संस्कार भारती इकाई चित्तौड़गढ़ व चित्तौड़गढ़ आर्ट सोसायटी के द्वारा महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ द्य इस अवसर पर डॉ.हेमलता महावर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी, प्राचार्य प्रोफेसर हेमेंद्र नाथ व्यास प्रा श्रीमान बालकृष्ण लड्ढा राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी व चित्तौड़गढ़ आर्ट सोसायटी के दिलीप जोशी, हेमंत सालवी, गौरव कुमावत,भावना प्रजापति आदि मौजूद रहे द्य माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव का आयोजन किया जरहा हैं,देश के प्रसिद्ध 75 स्थानों पर सेवा पर्व आयोजित होगा ,जिसमें चित्तौड़गढ़ दुर्ग प्रमुख हैं द्य कार्यक्रम के संयोजक डॉ.मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि ÷विकसित भारत के रंग, कला के संग÷ को एक विश्व कीर्तिमान बनाने की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक राष्ट्र को एकजुट आंदोलन - हर राज्य, हर जिला और हर गाँव को जोड़ना हैं, संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार),पश्चिमी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर,जिला प्रशासन ,चित्तौड़गढ़,भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण जोधपुर सर्कल चित्तौड़गढ़ फोर्ट,राजकीय संग्रहालय चित्तौड़गढ़ , हिंदुस्तान जिंक,संस्कार भारती ईकाई चित्तौड़गढ़ व चित्तौड़गढ़ आर्ट सोसायटी के सहयोग से आयोजित ÷विकसित भारत के रंग, कला के संग÷ में विरासत और 2047 में विकसित भारत की ओर एक अजेय यात्रा को लेकर कला पर्व में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा गौरतबल है कि चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर श्री आलोक रंजन के निर्देशानुसार यह विशेष उत्सव माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन के ऐतिहासिक अवसर पर उनके दूरदर्शी नेतृत्व का सम्मान करेगा जिसका मुख्य आयोजन दिनांक 22 सितंबर को राजकीय संग्रहालय फतहप्रकाश महल चित्तौड़गढ़ में होगा जिसके कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्री चंद्रप्रकाश जी जोशी,जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन जी रहेंगे द्य राजकीय संग्रहालय फतहप्रकाश महल चित्तौड़गढ़ द्वारा विकसित भारत पर एक विशेष कला प्रदर्शनी संग्रहालय के गणेश हॉल में प्रदर्शित करेगा ,गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में कई श्रेणी में चित्रकला प्रतियोगिता होनी है

# आकाशीय बिजली के प्रकोप ने स्कूल में दो छात्रों की मौत, दो झुलसे

द डेसिंप्रग

**सोनभद्र ।** चोपन थाना क्षेत्र के कोटा गांव स्थित ब्रह्मदेव पब्लिक स्कूल नौ टोलीया में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। अचानक हुई बारिश और तेज गरज-चमक के बीच आकाशीय बिजली गिरने से दो मासूम छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्कूल में अपहरा तफरी मच गई। आनन-फानन में शिक्षकों ने सभी घायलों को निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने कक्षा तीन के एक छात्र और कक्षा नौ की छात्रा को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक छात्र का इलाज सीएचसी चोपन में जारी है और दूसरे गंभीर घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही चोपन पुलिस मौके पर पहुंच गई।



तड़ित चालक (Lightning Conductor) एक धातु की छड़ होती है, जिसे किसी इमारत के सबसे ऊँचे हिस्से पर लगाया जाता है और ज़मीन से जुड़ा होता है, ताकि बिजली गिरने पर उसे सुरक्षित रूप से ज़मीन में प्रवाहित किया जा सके. यह इमारत को बिजली के झटके या आग लगने से बचाता है, क्योंकि यह बिजली गिरने के लिए एक कम प्रतिरोध वाला मार्ग प्रदान करता है.

## तड़ित चालक कैसे काम करता है

ऊँचाई और धातु तड़ित चालक को इमारत के सबसे ऊँचे स्थान पर लगाया जाता है, अक्सर ताँबे या एल्युमीनियम जैसी धातु की एक छड़ के रूप में.

ज़मीनी जुड़ाव इस छड़ को एक मोटे तांबे के तार से जोड़ा जाता है, जो ज़मीन में बहुत गहराई तक दबाई गई एक प्लेट से जुड़ा होता है.

आसान रास्ता जब बिजली गिरती है, तो वह सबसे पहले इस धातु की छड़ पर गिरती है, क्योंकि यह इमारत के बाकी हिस्सों से ज़्यादा बेहतर और आसान विद्युत मार्ग प्रदान करती है.

विद्युत प्रवाह विद्युत धारा छड़ से तार के माध्यम से सीधे ज़मीन में प्रवाहित हो जाती है, जिससे इमारत को कोई क्षति नहीं पहुँचती.

उपयोग और महत्व

**तड़ित चालक का मुख्य उद्देश्य ऊँची इमारतों, टावरों और अन्य संरचनाओं** को बिजली गिरने के विनाशकारी प्रभाव से बचाना है.

यह बिजली के झटके, आग लगने और इमारतों को हुए अन्य नुकसानों को रोकता है.

सोनभद्र में प्रतिवर्ष सौ से ज्यादा लोगों की मौत आकाशीय बिजली गिरने से मौत होती हैं। कोयला और बिजली कम्पनियां को चाहिए कि सीएसआर योजना के तहत जो आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र पहाड़ी घाटी में हैं वहां पर तडीक चालक यंत्र को स्कूल के पास लगवाया जाना चाहिए मगर ऐसा नहीं किया जाने से ऐसी घटनाएं घटित हो रही है जिलाधिकारी सोनभद्र को चाहिए कि आकाशीय बिजली से बचाव के लिए यंत्र लगवाने की आवश्यता है।

# शहरी सेवा शिविर-शहर चलो अभियान का आयोजन

द डेसिंप्रग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)** राज्य सरकार के आदेशानुसार पालिका क्षेत्र में शुक्रवार को चामुण्डा माताजी मंदिर परिसर में वार्ड नं. 2,3 के शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 15 लाभार्थियो को आवास निमार्ण हेतु कार्यादेश जारी किये गये। साफ-सफाई से संबंधित 4, विद्युत विभाग से संबंधित 2, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से संबंधित 4 शिकायते प्राप्त हुई जिनका मौके पर निस्तारण करवाया गया। चिकित्सा विभाग के द्वारा शिविर के दौरान 1 जांच एवं 2 टीकाकरण एवं 24 मरीजो का ईलाज किये गये। पीएमबीवाई योजना में 10 स्वीकृति जारी की गई, 132 व्यक्तियों की केवाईसी करवायी गई। सामाजिक न्याय-अधिकारिका विभाग द्वारा 2 पेंशन सत्यापन एवं 1 पालनहार योजना का आवेदन स्वीकृत किया गया। शिविर के दौरान 6 जन्म प्रमाण पत्र, 2 विवाह प्रमाण पत्र जारी किये गये। कृषि भूमि नियमन के तहत पट्टा जारी किये जाने हेतु 3 आवेदन ऑनलाईन प्राप्त हुये। तथा प्राकृतिक आपदा/बाढ़ आपदा से प्रभावित 18 आवेदनो का कनिष्ट अभियन्ता द्वारा मोका निरीक्षण किया गया। शिविर में चेयरमैन कन्हैया लाल कराड,नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी प्रवीण शर्मा,पार्षद



# जिले के सभी 11 शहरी आयुष्मान मंदिरों में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित, मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से किया गया लाभान्वित - डॉ पालीवाल

द डेसिंप्रग

**जैसलमेर-रमेश प्रजापत।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया कि जिले के सभी 11 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर गुरुवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान व प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरो रेवत सिंह की ढाणी , गांधी कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, बबर मगरा, सोनार दुर्ग, गफूर भट्टा , पुलिस लाईन कच्ची बस्ती व सोनाराम की ढाणी तथा पोकरण स्थित शहरी आयुष्मान मंदिरों भवानीपुरा, शिवपुरा व सालम सागर में गुरुवार को अभियान अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविरो में कार्यरत चिकित्सकों द्वारा 78 गर्भवती महिलाओं , 70 धात्री महिलाओं, 94 किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच व आवश्यक परामर्श प्रदान कर लाभान्वित किया गया , शिविरों में 6 माह से 9 वर्ष तक के 169 बच्चों की एनीमिया स्क्रीनिंग कर परामर्श दिया गया , आयोजित शिविरो में एनसीडी स्क्रीनिंग, पोषण संबंधी जानकारी , रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच आदि स्वास्थ्य सेवाओं से भी मरीजों को लाभान्वित किया गया



### शहरी सेवा शिविर 2025 का हुआ आयोजन

# पीडब्ल्यूडी ऑफिस में किया गया आयोजन,नगरपालिका के अधिकारी/कर्मचारी समेत मंडल भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद

द डेसिंप्रग

**बाड़ी/आशीष शर्मा ।** शहरी सेवा शिविर अभियान 2025 का आयोजन पीडब्ल्यूडी ऑफिस बाडी में आयोजित किया गया।जिसमें सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा आवेदन की पूर्ति मौके पर कर आवेदनकर्ताओ ने साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट रिपेयरिंग, नई लाइट लगवाने, पेंचवर्क रिपेयरिंग विभिन्न प्रकार के पट्टों,जन्म-मृत्यु विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना के तहत आवेदन प्राप्त हुए।जिनका नगरपालिका के मौजूद अधिकारी/कर्मचारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी निभाई भूमिका

पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े के तहत कई सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बाड़ी भाजपा मंडल द्वारा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह के निर्देशन और मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे के नेतृत्व में आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिविर में लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर सेवा पख़वाड़ा के संयोजक सतीश प्रजापति,संयोजक रामकुमार कुशवाहा, डॉ. जितेंद्र शर्मा,दिनेश मामा, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नाजिया खान, नितिन शर्मा, श्रीनिवास मित्तल सचिन बंसल, गया प्रसाद कुशवाहा, नरेश यादव, प्रतीक भारद्वाज ,धनंजय शर्मा, मनोज कोहली,सीमा सोनी आदि नगर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नानी बायरे का दूसरा दिन उमडा आस्था का सैलाब

द डेसिंप्रग

**रानी/नगराज वैष्णव । रानी** के गणेश मैदान धर्मवीर मैदान के पास सरोज प्रिया जी के मुखार विंद से चल रहे नानी बाई के मायरे के आज दूसरे दिन नानी बाई के मायरे की चिट्ठी लेकर महाराज जी आये तो नरसी जी ने चिट्ठी को पीपल में सावरिया सेठ के आगे रख दिया सावरिया सेठ ने कहा नरसी चिंता मत करो में भरूँगा मायरा नरसी जी जी मायरे की तैयारी में लग गए लोग हसने लगे मायरा कैसे भरेगा नरसी जी मायरे की तैयारी में 16 सुरिया ओर तुम्बो को ओर ठाकुर जी को लेकर रवाना हुए टूटी गाड़ी को ठीक करने के लिए भगवान खाती बनकर आये ओर नरसी जी को अंजार पहुँचा दिया प्रिया जी ने बताया की जीवन मे दुख में साथ भगवान ही देते हैं विश्वास मजबूत होना चाहिए आजकल लोग विश्वास नही करते संसार को अपना मानते हैं जिस पर विश्वास करना चाहिए वहां नही करके संसार की माया पर विश्वास करते हैं जिस कारण जीवन दुखी होता है संसार से बढ़कर भगवान को अपना माने तो ही जीवन का कल्याण होगा हर रात के बाद सवेरा जरूर होता हैं अगर दुख आया है तो सुख भी आएगा धूप के बाद छाया भी आती है कृष्ण मुरारी प्रेम परिवार के सदस्य नगराज वैष्णव ने बताया कि कल धूम धाम से सावरिया सेठ,राधा रुक्मणि के साथ नानी बाई का मायरा भरा जाएगा अद्भुत झाँकी के दर्शन भी होंगे इसी के साथ कथा विराम लेगी



# ओरण गोचर भूमि को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करे सरकार:तंवर

द डेसिंप्रग

**जैसलमेर -रमेश प्रजापत ।** जिला कांग्रेस कमेटी जैसलमेर के अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर ने ओरण गोचर भूमि को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने को लेकर चल रहे धरने का समर्थन करते हुए कहा कि राज्य सरकार को जैसलमेर जिले में ओरण गोचर भूमि को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाना जनहित का मुद्दा है यह पर्यावरण संरक्षण, जल वायु परिवर्तन एवं सन्तुलन, पशु, पक्षी, वन्य जीव, जीव जन्तुओं और सुक्ष्म जीवों के लिए जरुरी है! जिला कांग्रेस के प्रवक्ता रुधदान झीबा ने बताया कि प्रेस विज्ञप्ति में जिलाध्यक्ष तंवर ने कहा कि जैसलमेर जिला पशुपालक बाहुल्य एवं कृषि प्रधान जिला है यहां के ज्यादातर निवासी में पशुपालन और खेती करते हैं ज़िले की भौगोलिक स्थिति भिन्न-भिन्न भागों में अलग-अलग धरोहर संजोए हुए है जिसमें रेगिस्तान, पठार , मैदान, चरागाह, ओरण गोचर भूमि, विभिन्न प्रकार के खनिज गैस, तेल, लाइम स्टोन, सेंड स्टोन, जिप्सम सहीत के ई तरह के खनिज है यहां की पौराणिक काल से ही यहां की पुरानी रवायत है जल संग्रहण, परांपरागत जल स्त्रोत का संरक्षण, चरागाह और ओरण गोचर भूमि के संरक्षण के लिए हमारी संस्कृति रही है ऐसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हैं सरकार की जिम्मेदारी है कि की जैसलमेर जिले की ओरण गोचर भूमि को राजस्व रिकार्ड में शीध्र अति शीध्र दर्ज करवाया जाएं । ओरण गोचर भूमि के दर्ज होने से जैसलमेर की वनस्पति संरक्षित रहेगी यहां के मौसम के अनुकूल पेड़ जिनमें रोहीड़ा, खेजड़ी, बोरड़ी, जाळ,फोग , थोर, देशी बबूल, अंग्रेजी बबूल, कुम्भट, गुन्द के पेड़ और पोधो का संरक्षण बेहद जरूरी है वरना हमारी आने वाली पीढ़ी कैर, सांगरी, गौन्द, गुन्दी, हलारीया, पील्लू, देशी टीसंडी, बोर अथवा बैर, चिभड़ी, काचरी, मतीरे, गुगल, खिरोली और चापटीयो से वंचित रह जाएगी और वो पीढ़ी सिर्फ कहानीयों में ही इनके नाम सुनेंगे सबसे बड़ा संकट गाय, बैल, ऊंट और गोवंश के लिए सबसे पौष्टिक सेवण घास और धामण घास से भी वंचित हो जाएंगे यह हमारी संस्कृति, हमारी धरोहर पर हमले जैसा है गरीब लोग अकाल पड़ने पर भ्रुट की रोटी बना कर खाते थे उससे भी वंचित हो जाएंगे इसी स्थिति में सेवण घास और धामण घास की कमी से अच्छा दूध, दही, मक्खन, छाछ, घी इत्यादि से भी वंचित हो जाएंगे अतः जल्द से जल्द रिकार्ड में दर्ज करवाया जाएं।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जैसलमेर जिले में 30 हजार बीघा जमीन ओरण गोचर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाई है जो तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, तत्कालीन राजस्व मंत्री हरीश चौधरी, विधायक रुपाराम धंणदे की उपलब्धि है उन्होंने जैसलमेर जिले की इस जरुरी मांग को ध्यान में रखकर राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया था उसी प्रकार वर्तमान सरकार को भी ओरण गोचर भूमि को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाएं।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थालड़का कि हॉकी 17 वर्षीय छात्र वर्ग टीम विजेता विद्यालय परिसर में स्वागत समारोह का आयोजन

द डेसिंप्रग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थालड़का कि 17 वर्षीय छात्र वर्ग हॉकी टीम ने विजेता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आपको बतादें कि 30 वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र वर्ग हॉकी प्रतियोगिता हनुमानगढ़ टाउन में हुई थी। जिसमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया ।उसमें फाइनल मुकाबला थालड़का और सोनड़ी के मध्य खेला गया। जिसमें थालड़का की टीम ने 3-0 से हारकर सीरीज पर कब्जा कर प्रथम विजेता टीम रही। विजेता और उपविजेता टीमों के लिए विद्यालय परिसर में खिलाड़ियों कोच, एवं टीम प्रभारीयो के लिए सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं एवं महिला स्टाफ द्वारा खिलाड़ियों के स्वागत में रंगोलीयां बनाकर एवं स्टेज को गुबारों सजाया कर भाव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज सिंहाल, प्रधानाचार्या राजल चौधरी, ग्रामीण भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुशील जोशी, बृजलाल शर्मा( शिक्षक कमेटी अध्यक्ष) रामप्रताप गोदारा,शीशराम स्वामी, सुभाष सुथार, टेकचंद, सुभाष नोखवाल, साहब राम लोहरा , बालकिशन शर्मा, धर्मपाल, ताराचंद, अमनदीप टेकचंद नेमीचंद मनु प्रताप, सोनू ,गुरमीत, भैराराम ,सुरजीत, लक्ष्मी नारायण, पलाराम वर्मा , महेंद्र थालोड़, रमेश लव, कालूराम आदि मौजूद रहे।इस मौके पर ग्राम वासियों द्वारा पीटीआई अनिल बेनीवाल एवं कोच राकेश कुमार को राजस्थानी साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।हॉकी टीम कोच राकेश कुमार, विकास, निखिल,अंकित ,रमन ,आशीष व पवन लोहरा, अमरदीप एवं टीम के खिलाड़ियों द्वारा साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।प्रभारी अमरदीप ने मच के माध्यम से विचार साझा करते हुए व बच्चों को अनुशासन की सलाह दी। इसी दौरान वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक अनिल बेनीवाल ने अपने विद्यालय की टीमों की उपलब्धियां के बारे में बताया जिसमें फुटबॉल में 17 वर्ष छात्र वर्ग व 19 वर्षीय छात्रा वर्ग उपविजेता रहे। वही हॉकी में 14 वर्षीय छात्रा ,17 वर्षीय छात्र विजेता तथा 17 वर्षीय छात्रा उपविजेता रही।साथ ही साइकिलिंग में 4 स्वर्ण पदक भी जीते। जिसमें रजनीश सहारण तथा दीक्षा विजेता रहे। इस कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुशील जोशी ने खेल कमेटी में 11000 प्रतिवर्ष आर्थिक सहयोग देने की शुरुआत की। इसी कड़ी में समाजसेवी शीशराम स्वामी ने 5100 प्रतिवर्ष व समाजसेवी सुभाष सुथार ने 5100 प्रति वर्ष खेल कमेटी में देने की घोषणा की। प्रधानाचार्य राजल चौधरी ने ग्राम वासियों व खिलाड़ियों का आभार एवं धन्यवाद दिया। मंच संचालन इंद्राज व्याख्याता ने किया और विद्यार्थियों को खेल में अनुशासन का महत्व बताया। हॉकी 17 वर्षीय छात्र वर्ग विजेता टीम गांव में पहुंचने पर ढोल नगाड़ों , डीजे एवं गुलाल लगाकर मिठाइयां बांट करके खेल प्रेमियों ने खुशियां जाहिर की और गांव में विजय जुलूस निकालकर खुशियां जाहिर की गई। इस मौके पर काफी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



# विकास दिवस पर युवाओं में दिखा अपार जोश और अटूट संकल्प

द डेसिंप्रग

**रुदावल / रामकुमार उपाध्याय।** माय भारत केंद्र द्वारा विकास दिवस का एक भव्य और प्रेरणास्पद आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल युवाओं के बीच राष्ट्र निर्माण की भावना को जागृत करने का माध्यम बना, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के दूरदर्शी विज़न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। आयोजन की अध्यक्षता केंद्र के उपनिदेशक सुनील राना ने की। उप निदेशक ने युवाओं को संबोधित करते हुए देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका निभाने का भावुक आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में सक्रिय होकर इस विज़न को मूर्त रूप दें। उनके प्रेरक शब्दों ने उपस्थित युवाओं के हृदय में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। इस अवसर पर लेखा एवं कार्यक्रम सहायक गजेंद्र सिंह डागुर, सत्यवान सिंह, ललित कुमार के साथ-साथ नेहरू युवा मंडल, ऊंचा नगला के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे

# एमजीपीजी का 57 वॉ स्थापना दिवस समारोह संपन्न

द डेसिंप्रग

**गोरखपुर /संजय कुमार ।** - महात्मा गांधी पीजी कॉलेज, गोरखपुर के 57 वे स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों में विशिष्ट व्याख्यानों का आयोजन हुआ जिसमें रसायन विज्ञान के स्नातक छात्रों के लिए क्रोमैटोग्राफी विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के डॉक्टर आलोक चौधरी तथा स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक्स-रे विषय पर दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निखिल कांत शुक्ला, भौतिक विज्ञान विभाग मैं स्नातक छात्रों के लिए अनिश्चित सिद्धांत और श्रोडिंगर समीकरण विषय पर दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उमेश यादव ने व्याख्यान दिया, शारीरिक शिक्षा विषय में शारीरिक शिक्षा खेल एवं समग्र मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य विषय पर डॉ अपर्णा राठी जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज, महाराजगंज ने व्याख्यान प्रस्तुत किया, वनस्पति विज्ञान विभाग में जलवायु परिवर्तन को समझना वैश्विक प्रतिबद्धताओं से स्थानीय कार्रवाई तक विषय पर डॉ सिराज वजी , प्राणी विज्ञान स्नातक के छात्रों हेतु प्रेरणात्मक व्याख्यान महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया तथा स्नातकोत्तर छात्रों हेतु डॉ संजय कुमार मिश्रा ने भारतीय संस्कृति में गांधीवादी दर्शन की भूमिका विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, मनोविज्ञान विभाग में डॉक्टर गरिमा सिंह शाही ने तनाव प्रबंधन विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, गणित विभाग में प्रोफेसर सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने गणित विज्ञान के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, गणित स्नातक छात्रों हेतु डॉक्टर बी एन प्रसाद ने गणित क्यों और कैसे विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, वनस्पति विज्ञान स्नातक के छात्रों हेतु डॉक्टर गौरव श्रीवास्तव ने सूक्ष्मजीव तकनीके विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, वाणिज्य विभाग के प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु संजय वर्मा ने खेल विज्ञान एवं प्रबंधन के क्षेत्र में तकनीकी विषयों पर लेखन से संबंधित व्याख्यान प्रस्तुत किया, तथा बीकॉम तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रों हेतु सी ए आकाश बिजलानी ने जीएसटी विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, गृह विज्ञान विभाग में प्रोफेसर सविता रानी सिंह ने शून्य से शिखर तक विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय में डॉक्टर रोहित कुमार तिवारी ने साइबर सुरक्षा से संबंधित अपना विज्ञान प्रस्तुत किया, इलेक्ट्रॉनिक विषय में डॉ मनीष मिश्रा ने स्नातक के बाद विज्ञान में करियर विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, बीसीए में प्रोफेसर सच्चिदानंद चतुर्वेदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, सभी व्याख्यानों के समाप्ति पर अंतर कक्षा टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसके बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर श्रेयांश पांडे, द्वितीय स्थान पर रणवीर यादव, तृतीय स्थान पर ईशान भारती रहे तथा बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर स्मिता सिंह, द्वितीय स्थान पर अंजली सिंह, तथा तृतीय स्थान पर प्रियंका सिंह रही। आज स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें छात्र - छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्रबंधक मनकेश्वर नाथ पांडे एवं प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह ने पुरस्कारों का वितरण किया तथा उन्होंने उम्मीद जताया कि विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान का महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। श्री पांडे ने छात्र-छात्राओं को आगे भी खेलों में तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ।

प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षिक सांस्कृतिक एवं खेल कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास हेतु प्रतिभा करना आवश्यक है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर महेश यादव ने सभी का आभार ज्ञापन किया ।






# थालड़का : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के पर सेवा पंखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चलाया

द डेसिंप्रग

**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी)** 7 ग्राम पंचायत थालड़का में शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुशील जोशी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में चलाए जा रहे। सेवा पंखवाड़ा के तहत गांव के सरकारी स्कूल के आगे स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ता सेवा पंखवाड़ा मान रहे है। इसके तहत सभी जगह भाजपा कार्यकर्ता ,मंडल अध्यक्ष, अन्य कार्यकर्ता जगह-जगह पर सफाई अभियान और अन्य सामाजिक कार्य करके जन्मदिन मना रहे है। केंद्र सरकार के जनकल्याण योजना जन-जन बताई जा रही है।इस मौकेअभिषेक मटोरिया, विजय शर्मा, सेन कुमार आदि मौजूद रहे



## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल : जेन-जी के प्रदर्शनों में मारे गए लोगों के सम्मान में राष्ट्रीय शोक दिवस

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में बुधवार को जेन-जी के विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों के सम्मान में राष्ट्रीय शोक दिवस मनाया गया। इस मौके पर देश के सभी सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। गृह मंत्रालय ने कहा, जेन-जी द्वारा 8 और 9 सितंबर को आयोजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों की स्मृति में पूरे नेपाल में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहे। इसके साथ ही विदेशों में सभी नेपाली दूतावास और मिशन भी इस मौके पर बंद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने घोषणा की थी कि 8 और 9 सितंबर को जनरेशन-जी के विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को बलिदानी घोषित किया जाएगा। इन हिंसक विरोध प्रदर्शनों में मारे गए 72 लोगों में 3 पुलिसकर्मी भी थे। आंदोलन के दौरान राजनीतिक नेताओं के घरों, वाहनों को फूंक दिया गया था। इस बीच देश में भारी अशांति के बाद विजयादशमी व दीपावली के त्योहारों के नजदीक आते ही लोग बाजारों में खरीदारी में भी व्यस्त हो गए हैं।

### न्यूयॉर्क टाइम्स और टीएमजेड के खिलाफ अमेजन जनजाति का मुकदमा खारिज

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कैलिफोर्निया के एक अदालत ने ब्राजील के अमेजन क्षेत्र की एक जनजाति द्वारा अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स और टीएमजेड के खिलाफ दायर मुकदमे को खारिज कर दिया है। इस मुकदमे में दावा किया गया था कि अखबार ने जनजाति के इंटरनेट से पहली बार परिचित होने पर जो रिपोर्टिंग की, उसमें जनजाति के सदस्यों को व्यापक रूप से तकनीक से प्रभावित और अश्लील सामग्री के आदी के रूप में चित्रित किया गया। यह मुकदमा मई में जावरी घाटी की मारुबो जनजाति द्वारा दायर किया गया था, जो अमेजन वर्षावन में लगभग 2,000 लोगों का समुदाय है। मुकदमे में दावा किया गया था कि टीएमजेड और याहू की खबरों ने टाइम्स की रिपोर्टिंग को बढ़ा-चढ़ाकर और सनसनीखेज बनाकर पेश किया और इससे जनजाति की बदनामी हुई। इस महीने की शुरुआत में याहू को प्रतिवादी के रूप में खारिज कर दिया गया था। अदालत ने याचिकाकर्ता के तर्क को सही नहीं माना और याचिका खारिज कर दी।

### चार्ली किर्क पर टिप्पणी के लिए इल्हान उमर के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के निचले सदन ने बुधवार को चार्ली किर्क की हत्या के बाद की टिप्पणियों के लिए अपनी ही एक सदस्य इल्हान उमर को दंडित करने से इनकार कर दिया। 214-213 मतों से पारित प्रस्ताव में दक्षिण कैरोलिना की रिपब्लिकन प्रतिनिधि नैन्सी मेस के उस प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया, जिसमें मिनेसोटा की डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि इल्हान उमर की निंदा करने और उन्हें सदन की दो समितियों: शिक्षा एवं कार्यबल, और बजट से हटाने का प्रस्ताव दिया गया था। दोनों के बीच सोशल मीडिया पर तीखी बहस हुई है। मेस ने कहा है कि उमर, एक अप्रवासी हैं, जिन्होंने मिनियापोलिस में 2020 में जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद बंदूक रखने और नस्लीय संबंधों पर किर्क के विचारों की आलोचना की थी, को उसके गृह देश सोमालिया भेज दिया जाना चाहिए। उमर ने कहा कि मेस पैसे जुटाने और गवर्नर पद के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करने के लिए एक झूठी कहानी गढ़ रही हैं। चार्ली किर्क की बीते दिनों गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### ऑक्सफोर्ड से मेडिकल पढ़ाई का फर्जी दावेदार प्रतिबंधित

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के एक न्यायाधिकरण ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई का झूठा दावा करने वाले भारतीय मूल के वकील अनुराग मोहिंद्रू (50) को पेशेवर कदाचार के आरोप में दोषी करार देते हुए प्रतिबंधित कर दिया है। अनुराग पर 'बार स्टैंडर्ड बोर्ड' ने भ्रष्ट आचरण में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिससे कानूनी पेशे में भरोसा खत्म होने की आशंका थी। उसने नवंबर 2012 में 23 एसेक्स स्ट्रीट चैंबर में पद का आवेदन देते समय कानूनी पेशे को बदनाम किया। बोर्ड ने इस हफ्ते जारी बयान में कहा, अनुराग ने अपने बायोडाटा में दावा किया कि उन्होंने ऑक्सफोर्ड विवि से बायोमेडिकल साइंस/मेडिसिन की पढ़ाई की है, जबकि उन्होंने ऐसा नहीं किया था। न्यायाधिकरण ने पाया कि यह बार के सदस्यों से अपेक्षित मानकों का उल्लंघन था।

# ट्रम्प ने एंटीफा मूवमेंट को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वामपंथी, फासीवाद विरोधी एंटीफा मूवमेंट को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। उन्होंने ये कदम अपने करीबी और दक्षिणपंथी (Right Wing) राजनीतिक कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के कुछ दिनों बाद उठाया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ट्रम्प ने एंटीफा को फंड मुहैया कराने वालों को भी चेतावनी देते हुए कहा है कि जो भी इस आंदोलन का समर्थन करेगा, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और नियमानुसार गहन जांच की जाएगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मुझे अपने सभी अमेरिकी देशभक्तों को यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि मैं एंटीफा, एक बीमार, खतरनाक, कट्टरपंथी वामपंथी आपदा, को एक प्रमुख आतंकवादी संगठन घोषित कर रहा हूँ। मैं यह भी दृढ़ता से अनुशंसा करता हूँ कि एंटीफा को वित्तपोषित करने वालों की उच्चतम कानूनी मानकों और प्रथाओं के अनुसार गहन जाँच की जाए। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!



**क्या है एंटीफा मूवमेंट :** एंटीफा फासीवाद-विरोधी यानी एंटी फासिस्ट का संक्षिप्त रूप है, जिसका इस्तेमाल बिखरे हुए वामपंथी समूहों के लिए किया जाता है। यह अमेरिका में एक वामपंथी विचार वाला फासीवाद विरोधी राजनीतिक आंदोलन है, जो नस्लीय हिंसा या भेदभाव के खिलाफ आवाज बुलंद करता है। यह संगठन अपने उद्देश्यों को हासिल करने के लिए अमूमन अहिंसक कदम उठाता रहा है लेकिन कई मौकों पर हिंसक कदम भी उठा चुका है। एंटीफा अहिंसक तौर तरीकों में पोस्टर-बैनर और फ्लायर के जरिए अपने राजनीतिक आंदोलनों को धार देता रहा है। हालांकि, कुछ लोग डिजिटल सक्रियता, डॉक्सिंग के अलावा उत्पीड़न, यहां तक की शारीरिक हिंसा और संपत्ति को नुकसान पहुँचाने जैसी रणनीतियां भी अपनाते रहे हैं। इस आंदोलन के समर्थकों का उद्देश्य दक्षिणपंथी चरमपंथियों से मुकाबला करना है। ये लोग नस्लीय भेदभाव के खिलाफ भी लड़ाई लड़ते रहे हैं।

**लाल और काले झंडे का मिश्रण :** सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, एंटीफा द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सबसे आम प्रतीकों में से एक 1917 की रूसी क्रांति के लाल झंडे और 19वीं सदी के अराजकतावादियों के काले झंडे का मिश्रण है। एंटीफा समूह अक्सर दक्षिणपंथी सभाओं और रैलियों को बाधित करने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हैं। कहा जाता है कि वे सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड पीयर-टू-पीयर नेटवर्क और सिग्नल जैसी मैसेजिंग सेवाओं के माध्यम से अपनी गतिविधियों को अंजाम देते हैं।

**चार्ली किर्क ने मौत से पहले भेजे थे संदेश :** इस सप्ताह की शुरुआत में, सोमवार को, व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने कहा कि चार्ली किर्क ने उन्हें जो अंतिम संदेश भेजा था, उसमें हिंसा को बढ़ावा देने के आरोपी वामपंथी समूहों के खिलाफ एक मिलजुलकर एक कोशिश करने का आह्वान किया गया था। मिलर ने वादा किया कि संघीय सरकार उन्हें खत्म करने के लिए हर उपलब्ध संसाधन का इस्तेमाल करेगी। मिलर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस द्वारा आयोजित द चार्ली किर्क शो पॉडकास्ट पर बोल रहे थे। करीब आधा दशक पहले, मई 2020 में, भी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सुस्त एंटीफा आंदोलन को आतंकवादी संगठन घोषित करने की बात कही थी।

**यूटा वैली यूनिवर्सिटी में किर्क की हत्या :** 31 वर्षीय चार्ली किर्क की 10 सितंबर को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान हत्या कर दी गई थी। उनके गर्दन में गोली मारी गई थी। इस हमला के कुछ ही पल बाद हमलावर घटनास्थल से फरार हो गया था। हालांकि, हमलावर टायलर रॉबिन्सन को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया। किर्क गैर-लाभकारी राजनीतिक संगठन 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' के सह-संस्थापक थे और ट्रंप के करीबी सहयोगी थे। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर उनकी मौत की घोषणा करते हुए किर्क की महान कहकर प्रशंसा की थी।

# हैरिस ने अपनी किताब में खोले कई राज- बुटिजज को लड़ाना चाहती थीं उपराष्ट्रपति चुनाव

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी नई किताब में कई बड़े खुलासे किए है। इसी में एक खुलासा उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर किया है। हैरिस ने बताया कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी पहली पसंद बतौर रनिंग मेट पीट बुटिजज थे। हालांकि, उन्होंने यह जोड़ी बनने से पहले ही पीछे हटने का फैसला लिया क्योंकि उन्हें लगा कि अमेरिका एक साथ इतने बदलाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं था। हैरिस ने 107 डेज नामक किताब में लिखा कि परिवहन मंत्री पीट बुटिजज उनके लिए आदर्श चुनावी साथी होते। उन्होंने कहा, कि अगर मैं एक श्वेत पुरुष होती, तो शायद यह जोड़ी आदर्श होती। लेकिन उन्होंने माना कि अमेरिका से एक साथ महिला, अश्वेत और यहूदी पृष्ठभूमि वाले परिवार को स्वीकार करने की उम्मीद करना उस समय बड़ा जोखिम होता।

**दिल तो चाहता था, लेकिन... :** किताब में हैरिस लिखती हैं कि उनका मन तो कहता था कि चलो कर ही देते हैं लेकिन चुनाव की गंभीरता को देखते हुए उन्हें समझ आया कि यह दांव जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पीट और वे दोनों इस हकीकत को समझते थे और यह निर्णय उनके लिए दुखदायी भी था।



**बुटिजज का राजनीतिक सफर :** पीट बुटिजज इंडियाना के साउथ बेंड शहर के मेयर रहे और नौसेना रिजर्व में इंटेलिजेंस ऑफिसर भी। वे 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के तौर पर उतरे और आयोवा कॉकस में शीर्ष पर भी रहे। इसी दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि किस मोड़ पर हैरिस ने उनके साथ जोड़ी बनाने का विचार छोड़ दिया। 2024 में जब तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन ने बहस में खराब प्रदर्शन के बाद चुनावी दौड़ से हटने का एलान किया, तब डेमोक्रेटिक पार्टी का चेहरा हैरिस बनीं। अंततः उन्होंने मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज़ को रनिंग मेट चुना। बता दें, वाल्ज की टिप्पणी ये लोग बस अजीब हैं ट्रंप और जेडी वेंस पर खूब वायरल हुई थी। इसके बावजूद हैरिस चुनाव हार गईं थीं।

# बांग्लादेश में सूफी इस्लाम पर भी खतरा, 100 से ज्यादा हमले, मोहम्मद यूनुस सरकार ने ओढ़ी चुप्पी

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में बीते साल शेख हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद से ही कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। हिंदुओं, ईसाइयों पर हमले के बाद मुसलमानों का ही एक तबका इन कट्टरपंथियों के निशाने पर है। एकदम पाकिस्तान की राह पर ही चलते हुए बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने देश भर में 100 जगहों पर सूफी संतों की मजारों पर हमले किए हैं। इससे पहले हिंदू मंदिरों, ईसाई समुदाय की चर्चों और अहमदिया समुदाय की मस्जिदों को टारगेट किया जाता रहा है। बांग्ला संस्कृति में सूफी संतों की मजारों और दरगाहों का एक लंबा इतिहास रहा है। लेकिन वहाबी इस्लाम में किसी मजार या दरगाह आदि को स्वीकार नहीं किया जाता।

जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश में शेख हसीना की सत्ता से विदाई होने के बाद से अब तक 100 सूफी मजारों पर हमले हो चुके हैं। अब तक ऐसे मामलों में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने कोई ऐक्शन नहीं लिया है। माना जाता है कि सूफी संतों की मजारें और दरगाहें इस्लाम के उदार स्वरूप का हिस्सा रही हैं, लेकिन वहाबी कट्टरपंथी इनके खिलाफ रहे हैं। यही कारण है कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान से लेकर बांग्लादेश तक में इन पर निशाने साधे जा रहे हैं। इन हमलों में मजारों को तोड़ना, लूटना और वहां मौजूद लोगों की पिटाई तक शामिल है।

माना जा रहा है कि बांग्ला समुदाय में सेकुलरिज्म के मूल्यों को कमजोर करने और हिंदू समुदाय के साथ सद्भाव को खत्म करने के लिए भी इस तरह के हमले हो रहे हैं। इस्लाम की शुद्धता के नाम पर इस तरह के हमले दूसरे धर्मों के लोगों पर हो रहे हैं। दरअसल भारतीय उपमहाद्वीप में सूफी परंपरा का विकास कई सदियों पुराना है और इनकी मान्यताएं हिंदुओं से भी कुछ हद तक मिलती जुलती हैं। इसके अलावा कट्टरपंथियों का कहना रहा है कि सूफी मजारें इस्लाम के उस सिद्धांत के खिलाफ हैं, जिसके तहत मूर्ति पूजा या फिर किसी ढांचे को मत्था टेकना वर्जित है।

# बीएलए और मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग, पाकिस्तान और चीन का संयुक्त प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि आईएसआईएल-के, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और उसकी मजीद ब्रिगेड सहित कई आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान से संचालित हो रहे हैं। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी सीमा के पार अफगानिस्तान में 60 से ज्यादा आतंकी शिविर संचालित हो रहे हैं।



पाकिस्तान वर्तमान में सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के विशेष प्रतिनिधि अहमद ने कहा, पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से 1267 प्रतिबंध समिति को बीएलए और मजीद ब्रिगेड को प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया है। हमें उम्मीद है कि परिषद उनकी आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई करेगी। पाकिस्तान वर्तमान में 15 देशों की सुरक्षा परिषद में 2025-26 के कार्यकाल के लिए एक अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल है, जबकि चीन इस शक्तिशाली निकाय का वीटो-अधिकार प्राप्त स्थायी सदस्य है। बीएलए का आत्मघाती दस्ता है मजीद ब्रिगेड पाकिस्तान 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष और आतंकवाद-रोधी समिति का उपाध्यक्ष भी है। अहमद ने कहा कि अफगान तालिबान अधिकारियों को आतंकवाद-रोधी अपने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करना चाहिए। अहमद ने कहा, अफगानिस्तान से पैदा हुआ आतंकवाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। साल 2011 में गठित मजीद ब्रिगेड, बीएलए का आत्मघाती दस्ता है और यह मुख्यतः पाकिस्तान में सुरक्षा बलों और चीनी हितों को निशाना बनाता है। पाकिस्तान में कई आत्मघाती हमलों में शामिल रहे हैं ये संगठन पिछले महीने, अमेरिका ने बीएलए और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को एक विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया था। कई आतंकवादी हमलों के बाद 2019 में वाशिंगटन द्वारा बीएलए को एसडीजीटी घोषित किया गया था। साल 2024 में, बीएलए ने कराची हवाई अड्डे और ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर के पास आत्मघाती हमले करने का दावा किया था।

# बांग्लादेश: शेख हसीना और उनके परिवार का वोटर कार्ड ब्लॉक, अगले चुनाव में वोटिंग पर रोक

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के कई सदस्य अगले साल होने वाले चुनाव में वोट नहीं डाल सकेंगे। उनके राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग (ईसी) के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि जिन लोगों का राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) ब्लॉक है, वे विदेश से वोट नहीं डाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने मुकदमों या अन्य कारणों से देश छोड़ा है, वे वोट डाल सकते हैं, बशर्ते उनका एनआईडी ब्लॉक न हो।

उन्होंने कहा कि विदेश से वोट देने के लिए एनआईडी नंबर के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। पासपोर्ट से यह काम नहीं होगा। अगर किसी का एनआईडी ब्लॉक है, तो वे रजिस्टर नहीं कर सकते और वोट नहीं डाल पाएंगे। केवल एनआईडी के साथ रजिस्टर करने वालों को ही यह मौका मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या शेख हसीना वोट दे पाएंगी, तो उन्होंने कहा, वह वोट नहीं दे पाएंगी, क्योंकि उनका एनआईडी ब्लॉक कर दिया गया है। राष्ट्रीय पहचान पंजीकरण विंग ने अपने महानिदेशक, एएसएम हुमायूं कबीर के मौखिक निर्देश के बाद हसीना और उनके परिवार के नौ सदस्यों की एनआईडी को लॉक कर दिया था।

परिवार के सदस्यों में शेख रेहाना सिद्दीकी, सजीब वाजेद जॉय, साइमा वाजेद, शाहनाज सिद्दीकी, बुशरा सिद्दीकी, ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीकी, अजमीरा सिद्दीकी, राडवान मुजीब सिद्दीकी और तारिक अहमद सिद्दीकी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जुलाई की शुरुआत में चुनाव आयोग ने देश में पार्टी के दशकों पुराने राजनीतिक अस्तित्व को समाप्त करने के प्रयास में हसीना की अवामी लीग पार्टी के चुनाव चिन्ह को अपनी वेबसाइट से हटा दिया था।

12 मई को मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक राजपत्र अधिसूचना जारी कर अवामी लीग और उसके सहयोगी संगठनों की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। यह प्रतिबंध आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत तब तक लगाया गया है जब तक कि बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में पार्टी और उसके नेताओं के खिलाफ मुकदमा पूरा नहीं हो जाता।

विश्लेषकों का मानना ??है कि यह ताजा घटनाक्रम पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार द्वारा की जा रही राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई का विस्तार है, जिसमें अवामी लीग को राष्ट्रीय चुनावों में भाग लेने से दूर रखने की बड़ी योजना है।

# ट्रंप से मेरा कोई रिश्ता नहीं, वह कोई सम्राट नहीं हैं: राष्ट्रपति लुई इनाशियो लुला डा सिल्वा

**ब्रासीलिया , एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुई इनाशियो लुला डा सिल्वा ने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के प्रति खुलकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने साफ कर दिया है कि ट्रंप के साथ उनका किसी भी तरह का रिस्ता नहीं है। उन्होंने अमेरिकी की तरफ से ब्राजील पर लगाए गए टैरिफ को भी राजनीतिक दुश्मनी करार दिया है। खास बात है कि भारत की तरह ही ट्रंप ने ब्राजील पर भी 50 फीसदी टैरिफ लगाया है।

बीबीसी से बातचीत में सिल्वा ने चेताया है कि टैरिफ के चलते अमेरिकी जनता को कॉफी और मांस जैसे ब्राजीली उत्पादों के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। उन्होंने पहले कहा था, राष्ट्रपति ट्रंप ब्राजील के साथ अपने रिश्तों में जो गलती कर रहे हैं, उसका भुगतान अमेरिका के लोग करेंगे।

**नहीं हुई दोनों में बात :** जब सवाल किया गया कि ट्रंप से संपर्क करने की कोशिश क्यों नहीं की गई, तो इसपर सिल्वा ने कहा, मैंने कभी कॉल की कोशिश नहीं की, क्योंकि उन्हें (ट्रंप को) को कभी बात ही नहीं करनी थी। खास बात है कि ट्रंप ने का था कि ब्राजील के राष्ट्रपति उन्हें कभी भी कॉल कर सकते हैं। अब सिल्वा ने बताया कि ट्रंप प्रशासन के लोग बात नहीं करना चाहते हैं।

**किस बात से हैं खफा :** बीबीसी से बातचीत में सिल्वा ने ट्रंप के काम करने के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि



टैरिफ के बारे में उन्हें ब्राजील के अखबारों से पता चला। उन्होंने कहा कि यह बातचीत करने का अच्छा तरीका नहीं है। उन्हें ट्रंप के सोशल मीडिया पर टैरिफ की जानकारी पोस्ट करने पर भी आपत्ति जताई। जब उनसे ट्रंप के साथ रिश्ते को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, कोई रिलेशन नहीं है। उन्होंने कहा, मेरे ट्रंप से संबंध नहीं हैं, क्योंकि जब ट्रंप पहली बार चुने गए थे, तब मैं राष्ट्रपति नहीं था। उनके संबंध बोलसोनारो से हैं, ब्राजील से नहीं। साथ ही उन्होंने कहा, ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के सम्राट नहीं हैं।

ब्राजील और भारत, दुनिया के सिर्फ दो ही मुल्क हैं जो अमेरिका की तरफ से भारी टैरिफ का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने भारत पर शुरुआत में 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था और बाद में 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। इतना ही नहीं उन्होंने भारत पर रूसी तेल की खरीद को लेकर जुर्माना भी लगाया था।

# अफगानिस्तान को आतंक मुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत- लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें। यह संदेश भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया।

हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है।

**भारत की कड़ी कार्रवाई की मांग :** भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर भारत का जोर :** हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर है। भारत ने दोहा और अन्य क्षेत्रीय बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की है ताकि शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो बार अफगान कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात कर चुके हैं। भारत ने अफगानिस्तान की ओर से 22 अप्रैल को



पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा का भी स्वागत किया।

**आतंकवाद पर नई रणनीति की मांग :** भारत का कहना है कि केवल दंडात्मक कदमों से समस्या हल नहीं होगी। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए नई और व्यावहारिक नीति की जरूरत है। सिर्फ प्रतिबंध या पुराने तरीकों से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहे वाली नीति से कोई फायदा नहीं होगा। जरूरत है कि सकारात्मक रवैये को प्रोत्साहित किया जाए और नकारात्मक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाए।

**मानवीय सहायता में भारत सबसे आगे :** हरीश ने अफगानिस्तान में आए भूकंप का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सबसे पहले राहत पहुंचाने वाले देशों में शामिल था। भारत ने 1,000 परिवारों के लिए टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी। इसके अलावा 21 टन राहत सामग्री जिसमें दवाएं, हाइजीन किट, कंबल और जनरेटर शामिल थे, भी भेजे गए। आने वाले दिनों में और मदद भेजी जाएगी।

**अफगान जनता की मदद में भारत का योगदान :** अगस्त 2021 में तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद भारत लगातार मदद भेज रहा है। अब तक भारत ने 50,000 टन गेहूं, 330 टन से ज्यादा दवाएं और टीके, 40,000 लीटर कीटनाशक और कई अन्य आवश्यक सामग्री भेजी हैं। इसके अलावा भारत ने यूएनओडीसी के सहयोग से महिलाओं पर केंद्रित नशामुक्ति कार्यक्रमों के लिए भी मदद दी है।

**विकास परियोजनाओं के जरिए भारत का भरोसा :** भारत का कहना है कि अफगानिस्तान की विकास जरूरतें पूरा करना उसकी प्राथमिकता है। भारत ने वहां 500 से ज्यादा विकास परियोजनाएं पूरी की हैं। भारत का मानना है कि शांति और स्थिरता तभी संभव है जब वहां के लोग गरीबी, बीमारी और भुखमरी से बाहर निकलें।

भारत ने दोहराया कि अफगानिस्तान की मदद के लिए उसकी प्रतिबद्धता गैर-समझौतावादी है। भारत सभी संबंधित पक्षों के साथ जुड़कर अफगानिस्तान को एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध देश बनाने के लिए काम करता रहेगा।



# 'बिग बॉस-19' से बाहर होने के बाद नगमा मिराजकर ने भावुक पोस्ट

कंटेस्टेंट नगमा मिराजकर 'बिग बॉस-19' के घर से बाहर हो गई हैं। इससे बाहर होने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट लिखा है। पोस्ट में नगमा ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह इतनी जल्दी बाहर हो जाएंगी। नगमा मिराजकर ने इंस्टाग्राम पर वीकेंड का वार के एपिसोड का एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, के दिल अभी भरा नहीं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतनी जल्दी बाहर हो जाऊंगी। अगर मैंने अपने फैंस को निराश किया है तो मैं उनसे माफी चाहती हूं। बिग बॉस हाउस में मेरा स्वास्थ्य थोड़ा सही नहीं था, लेकिन फिर भी मैंने अपने बारे में बहुत कुछ सीखा। ये ऐसे सबक हैं जो मैं हमेशा अपने साथ रखूंगी। इस सफर का हिस्सा बनना मेरे जीवन के सबसे बड़े अवसरों में से एक था और इसके लिए मैं बेहद आभारी हूं।

कंटेस्टेंट ने कहा कि शो में बनी हर याद उनके दिल के करीब रहेगी। उन्होंने लिखा, बिग बॉस के घर की हर हंसी, हर आंसू, हर खामोशी और अंदर की हर याद हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। मुझे उस घर में रहने का एहसास बहुत याद आएगा। हालांकि मेरा सफर जल्दी खत्म हो गया, लेकिन मेरा दिल अभी भी उस घर के अंदर उन लोगों के साथ है जिन्हें मैं प्यार और सम्मान करती हूं।

नगमा ने कहा कि वह अपने लवर आवेज दरबार को बाहर से सपोर्ट करती रहेंगी। फिलहाल वे शो में एक अच्छे कंटेस्टेंट के रूप में नजर आ रहे हैं। नगमा ने उनके बारे में लिखा, मैं अपने प्यार, आवेज का समर्थन करूंगी और मैं उसे वहां चमकते हुए देखने के लिए बेताब हूं। घर में मौजूद मेरे कुछ दोस्तों का धन्यवाद जिन्होंने इस सफर को मेरे लिए खास बनाया! इस पोस्ट के अंत में उन्होंने लिखा कि यह अंत नहीं है, यह उनके जीवन का एक और अध्याय है जिसे वे हमेशा संजोकर रखेंगी। बता दें कि बहुत जल्द आवेज और नगमा शादी करने वाले हैं। बिग बॉस के घर से बाहर निकलने के बाद नगमा अपनी शादी की तैयारियों में जुट गई हैं।


# ट्रेंड्स नहीं, क्रिएटिविटी के लिए काम करना मेरा मकसद

**अभिनेत्री और गायिका सबा आजाद इन दिनों अपनी नई सीरीज सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हाल ही में अपने करियर के बारे में बात की। साथ ही बताया कि कैसे उन्होंने खुद को इंडस्ट्री में टाइपकास्ट होने से बचाए रखा।**

सबा एक प्रोफेशनल वॉयस ओवर आर्टिस्ट और सिंगर भी हैं। उन्होंने रॉकेट बॉयज, बंदर, मुझसे दोस्ती करोगे जैसी कई फिल्मों और सीरीज में बेहतरीन काम किया है। सबा से जब पूछा गया कि अपने करियर में उन्होंने अलग-अलग किरदार निभाए हैं, यह किसी प्लानिंग का हिस्सा है या फिर अपने आप उन तक ऐसे किरदार पहुंचे। इसका जवाब देते हुए सबा ने आईएएनएस से कहा, मैं हमेशा ऐसे प्रोजेक्ट्स चुनने की कोशिश करती हूं, जो मुझे रोमांचित करें। शुक्र है कि हर प्रोजेक्ट एक-दूसरे से अलग रहा है, जिससे मुझे हर काम में खुद को पूरी तरह झोंकने और कुछ नया सीखने का अवसर मिलता है।

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर कलाकारों को एक ही तरह के किरदार ऑफर होते हैं या उन्हें वैसे रोल्स तक सीमित कर दिया जाता है। इससे वो कैसे बचीं? इस पर अभिनेत्री ने कहा, मैं ट्रेंड्स का पीछा नहीं करती, बल्कि सृजन की खुशी ही मेरे काम की सबसे बड़ी वजह है। क्रिएटिविटी के लिए ही मैं काम करना पसंद करती हूं। सबा आजाद इन दिनों बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ रिलेशनशिप में हैं। कुछ समय पहले लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया था और कहा था कि ऋतिक की गर्लफ्रेंड हो, तुम्हें काम करने की क्या जरूरत? उन्होंने ट्रोल्स को करारा जवाब देकर उनकी बोलती बंद कर दी थी।

सबा आजाद ने 2008 में डायरेक्टर अनिल सीनियर की फिल्म 'दिल कबड्डी' से बॉलीवुड में कदम रखा था। सबा आजाद बहुत जल्द फिल्म 'बंदर' में दिखाई देंगी। इसे टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (टीआईएफएफ) के 50वें संस्करण में प्रीमियर किया गया था। इसकी कहानी बलात्कार के आरोपी एक सुपरस्टार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कानूनी व्यवस्था में व्याप्त अन्याय को उजागर करती है। इसे निखिल द्विवेदी और अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। इसमें बॉबी देओल, सान्या मल्होत्रा और सपना पब्बी जैसे सितारे भी हैं।





# एआई के प्रयोग पर वरुण-जान्हवी ने जताई चिंता

**इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जहां लोगों का काम आसान कर रहा है, वहीं कई लोग इसके गलत इस्तेमाल से चिंता में हैं। हाल ही में बॉलीवुड के कलाकार वरुण धवन और जान्हवी कपूर ने बढ़ते एआई के चलन पर चिंता जाहिर की है। दोनों ने बताया है कि एआई को लेकर क्या सावधानी बरतने की जरूरत है।**

## एआई पर वरुण ने रखी राय

वरुण धवन और जान्हवी कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचे थे। उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एआई के गलत इस्तेमाल पर अपनी राय रखी। वरुण धवन ने कहा तकनीक का इस्तेमाल बहुत ही जिम्मेदारी का काम है। कलाकारों के हक को सुरक्षित रखने के लिए नियम कानून बनाने की जरूरत है। उन्होंने एआई के इस्तेमाल पर कहा हम ऐसे वक्त में पहुंच जाएंगे, जहां कलाकारों की जरूरत नहीं पड़ेगी हम उन्हें खुद बनाएंगे।

## जान्हवी कपूर ने जाहिर की चिंता

इसी तरह से जान्हवी कपूर ने एआई के इस्तेमाल पर अपनी राय रखते हुए कहा यह सिर्फ कलाकारों के लिए खतरे की बात नहीं है, बल्कि टेक्नीशियनों के लिए भी है। मैं पिछले कई महीनों से देख रही हूं कि कैसे एआई की मदद से चीजें की जा रही हैं। पहले किरदार का लुक तय करने में वक्त लगता था। अब वह तुरंत दिखा देते हैं कि किरदार कैसा होगा और उसकी कहानी कैसी होगी। इससे जरूर पैसों की बचत होगी लेकिन मुझे लगता है कि एक रचनात्मक इंसान के पास जो कुछ है उसे संरक्षित करने की जरूरत है।

## रिलीज हुआ फिल्म का ट्रेलर

इस बीच, वरुण धवन और जान्हवी कपूर की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दो मिनट चौवन सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अभिनेता वरुण धवन द्वारा सान्या मल्होत्रा को प्रपोज करने से होती है, जिसे सान्या ठुकरा देती हैं। इसके बाद वरुण धवन, जान्हवी कपूर के साथ मिलकर उन्हें वापस पाने की योजना बनाते हैं। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# हम दोस्त नहीं हैं...

**जल्द ही ट्विंकल खन्ना और काजोल एक चैट शो 'टू मच' में बतौर होस्ट साथ नजर आएंगी। इस शो के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में दोनों मौजूद थीं। इनके बीच अच्छी बान्डिंग नजर आई, इसके बावजूद ट्विंकल ने काजोल को अपनी दोस्त मनाने से इंकार कर दिया।**

## एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं

इवेंट में ट्विंकल ने कहा, 'मैं शो में काजोल को बहन कहती हूं। हम दोस्त नहीं हैं बल्कि बहनें हैं। हम एक-दूसरे का मजाक उड़ाते हैं, एक-दूसरे को परेशान करते हैं। लेकिन हमको एक-दूसरे पर भरोसा है। हम एक-दूसरे को सपोर्ट करते हैं। यह हमारी बॉन्डिंग का राज है।' काजोल भी ट्विंकल की बात पर हामी भरती हैं।

## कब से आएगा काजोल और ट्विंकल का शो

काजोल और ट्विंकल खन्ना का यह नया टॉक शो 'टू मच' 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। इस शो के हालिया रिलीज ट्रेलर में कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए, जो मेहमान बनकर आएंगे। शो के ट्रेलर में आमिर, सलमान खान, गोविंदा, चंकी पांडी, वरुण धवन, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, कृति सेनन, करण जौहर और जान्हवी कपूर नजर आए।




# बिग बॉस के ऑफर को तनुश्री दत्ता ने हर बार ठुकराया



अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने हाल ही में बिग बॉस को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि उन्हें पिछले 11 वर्षों से बिग बॉस में भाग लेने की पेशकश की जा रही है। हालांकि उन्होंने इसमें हिस्सा लेने से लगातार इनकार किया है। शो में हिस्सा लेने के लिए उन्हें 1.65 करोड़ रुपये की पेशकश की गई। उन्होंने कहा कि निर्माता चाहे उन्हें चांद भी ऑफर करें तो भी वह रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बनेंगी।

## परिवार के साथ नहीं रहतीं त

बॉलीवुड ठिकाना से बातचीत में तनुश्री ने बताया कि उनके लगातार मना करने के बावजूद, मेकर्स हर साल उन्हें शो में हिस्सा लेने के लिए कहते हैं। वह उन्हें समझाती हैं कि वह ऐसी जगह कभी नहीं रह सकतीं। उन्होंने आगे कहा कि वह अपने परिवार के साथ भी नहीं रहतीं, योंकि हर किसी को अपनी जगह चाहिए होती है।

## ज्यादा पैसों की पेशकश की गई

तनुश्री दाा ने कहा उन्होंने मुझे शो में भाग लेने के लिए 1.65 करोड़ रुपये की पेशकश की। उन्होंने एक दूसरी बॉलीवुड अभिनेत्री को भी इतनी ही राशि दी थी, वह भी मेरे स्तर की अभिनेत्री थीं। बिग बॉस से जुड़े एक व्यक्ति ने मुझसे कहा कि वह ज्यादा पैसे की पेशकश कर सकते हैं, लेकिन मैंने इनकार कर दिया। अभिनेत्री ने कहा कि बिग बॉस में पुरुष और महिलाएं एक ही बिस्तर पर सोते हैं और एक ही जगह पर लड़ते हैं। इस तरह की चीजें वह कभी नहीं कर सकतीं।

## खान-पान को लेकर सजग हैं अभिनेत्री

दाा ने कहा मैं अपने खान-पान को लेकर भी बहुत सजग हूं। वह कैसे सोच सकते हैं कि मैं ऐसी लड़की हूं जो एक रियलिटी शो के लिए एक लड़के के साथ एक ही बिस्तर पर सोएगी? मैं इतनी सस्ती नहीं हूं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे मुझे कितने करोड़ देते हैं।

## तनुश्री दत्ता का काम

तनुश्री दत्ता ने 2005 में इमरान हाशमी और सोनू सूद के साथ फिल्म आशिक बनाया आपने से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद, उन्होंने ढोल, भागम भाग, 36 चाइना टाउन और गुड बॉय, बैड बॉय जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया।



# सेलेब्स ने पैसे देकर खरीदे फॉलोवर्स

**अमीषा पटेल ने बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में बताया कि कई लोग ऐसे हैं, जो उन्हें पसंद नहीं करते क्योंकि वह उनकी चापलूसी नहीं करती हैं। साथ ही शराब और सिगरेट नहीं पीती हैं। उन्होंने बताया कि कई सेलेब्स के सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स पैसे देकर खरीदे गए हैं।**

अमीषा पटेल का इनसाइडर्स पर गुस्सा फूटा। एक्ट्रेस अमीषा पटेल बेबाकी से अपनी बात रखती हैं। वह जिस फिल्म में काम करती हैं, उसके भी डायरेक्टर-प्रोड्यूसर की गलती बताने में पीछे नहीं हटतीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में अपनी राय रखी हैं। कहो ना... प्यार है की सफलता के बावजूद, उन्हें उस तरह का फेम नहीं मिला, जिसकी वह हकदार रहीं। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में कई ऐसे लोग हैं, जो उन्हें पसंद नहीं करते हैं।

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि 90 फीसदी सेलिब्रिटीज के सोशल मीडिया फॉलोवर्स खरीदे हुए होते हैं। एजेंसियां लोगों से कॉन्टैक्ट करती है और एक मोटा पैसा मांगती है। साथ ही उसके बदले वह उन्हें लाखों फॉलोवर्स देने का वादा करती है।

हम सभी से उस एजेंसी ने कॉन्टैक्ट किया है। कई सेलिब्रिटी सोशल मीडिया अकाउंट्स के फॉलोवर्स का एक बड़ा हिस्सा पेड है। ये रियल फॉलोवर्स नहीं हैं। मुझसे कई बार पैसे मांगे गए लेकिन हमेशा मेंने मना किया। मुझे अपने असली फैंस पसंद हैं। मैं नहीं चाहती कि लोग मुझे इसलिए फॉलो करें क्योंकि मैंने इसके लिए पैसे दिए हैं। अमीषा पटेल ने बातचीत में कहा, दर्शकों का प्यार मैटर करता है। चाहे आप किसी भी कैंप का हिस्सा हों। हां क्योंकि मैं किसी खास सर्कल में फिट नहीं बैठती और न शराब पीती और न स्मोक करती हूं और न ही काम के लिए चापलूसी करती हूं, जो भी कमाया है वो अपनी काबिलियत के आधार पर ही हासिल किया है। इसके कारण कुछ लोग मुझे पसंद नहीं करते हैं। मैं किसी के आगे पीछे नहीं घूमती।

## अमीषा का अकाउंट है रियल

एक्ट्रेस ने बताया, मेरा इंस्टा और ट्विटर अकाउंट रियल है। मैं कभी कोई फोटोशूट नहीं पोस्ट करती। अपनी फोटो जैसी होती है, वैसी ही अपलोड करी हूं। मेरी तस्वीरों में परफेक्ट कंपोजिशन, कैप्शन और फॉन्ट सही नहीं होता। मैं चाहती हूं कि मैं जैसी हूं, वैसी ही दिखूं।

## खुद को बताया आउटसाइडर

अमीषा पटेल ने आगे कहा कि खुद को आउटसाइडर कहा और बताया कि उनके लिए कितना चैलेंजिंग रहा, आपके लिए इंडस्ट्री में तब और मुश्किल होती है, जब यहां से आपका कोई बॉयफ्रेंड या फिर पति न हो। बिना खुद को पावर कपल के रूप में पेश करने पर भी मुश्किल हो जाता है। दूसरों से कम सपोर्ट मिलता है। उनके पास भी आपको सपोर्ट करने के लिए कोई खास वजह नहीं है क्योंकि आप एक आउटसाइडर हैं।

# कुकर से हमला कर महिला को किया लहूलुहान, हालत नाजुक

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/(दीपक भारद्वाज)** । क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्राम पहाड़ी उकरौली निवासी रिंकी पर उसके ही परिचित ने जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया कि रिंकी का विवाह वर्ष 2008 में भूप राम निवासी सिकलपुरा बहेड़ी के साथ हुआ था, लेकिन करीब तीन वर्ष पूर्व उसका तलाक हो गया था। तभी से वह अपने मायके में ही रह रही थी। बीते 18 सितम्बर की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पिंटू गंगवार उर्फ अमन गंगवार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी ग्राम अजीतपुर बरा थाना पुलभट्टा, जो परिवार का जानकार बताया जा रहा है, रिंकी के घर पहुंचा और बिना वजह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी बौखला गया और अचानक रसोई में रखा कुकर उठाकर रिंकी के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले में रिंकी गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही लहूलुहान हो गई। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सितारगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया। फिलहाल रिंकी जीवन-मौत से जूझ रही है। परिजनों का कहना है कि वे बहन के इलाज में व्यस्त रहने के कारण तुरंत रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। पीड़िता की बहन रिया पत्नी त्रिवेंद्र कुमार निवासी ग्राम खुटिया, थाना बहेड़ी (जिला बरेली) ने 19 सितम्बर को कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर आरोपी पिंटू उर्फ अमन के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और दहशत का माहौल है।

# युवक पर जानलेवा हमले में तीन आरोपी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त स्कोर्पियो जब्त, अन्य आरोपियों की तलाश जारी।

**चित्तौड़गढ़ ।** जिले के कपासन थाना क्षेत्र के गणपति फेक्ट्री के पास सूरज माली के साथ हुए जानलेवा हमले की घटना के मामले का खुलासा करते हुए कपासन थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, अन्य शेष आरोपियों की तलाश की जा रही हैं। मामले में घटना में प्रयुक्त स्कोर्पियो गाड़ी को भी जब्त किया गया हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि थाना कपासन क्षेत्र में गणपति फेक्ट्री के पास सूरज माली के साथ हुए जानलेवा हमले की घटना को गम्भीरता से लेते हुये अज्ञात हमलावारो का पता लगा घटना का शीघ्र खुलासा करने हेतू निर्देशित किया गया। इसी क्रम में एएसपी सरितासिंह एवं डीएसपी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी कपासन रतनसिंह पुलिस निरीक्षक व थानाधिकारी कोतवाली चित्तौडगढ़ तुलसीराम प्रजापत के साथ साईबर सैल टीम व डीएसटी टीम की संयुक्त टीम गठीत की गई।

**घटना का विवरण–** 15 सितंबर को प्रार्थी भोपाल खेडा, कपासन निवासी 20 वर्षीय सुरज माली पुत्र शांति लाल माली ने श्री सॉवलियाजी राजकीय सामान्य चिकित्सालय



चित्तौडगढ़ में ईलाज के दौरान दी रिपोर्ट में बताया कि वह 15 सितंबर को शाम 5.15 पी.एम. पर मोनोमार्क फेक्ट्री से छुट्टी होने के बाद घर कपासन आ रहा था तब गणपति फेक्ट्री के पास सफेद स्कार्पियो में छ-सात लोग उत्तर कर आये और उनकी बाईक के आगे गाडी लगा दी और उसे बाईक से उतार कर लोहे के सरिये और पाईप से मारना और जान से मारने के लिए धमकाना चालु कर दिया और बोलने लगें कि रोज रोज पानी की मांग करता है आज तुझे मारकर पानी में डाल कर फेंक देंगे और उसे जबरदस्ती स्कार्पियो में बिठा कर ले जाने लगे और कहने लगे कि तुझे मारकर ऐसी जगह फेकेंगें जहा पर तेरा कुछ भी पता नहीं चलेगा। उसके साथ उसका साथी उदय लाल भील था उसे धमकी देकर बोला कि तु यहां से भाग जा वरना तुझे भी मार कर फेक देगे। आज तो हम एक नेता से सुरज माली को मारने की सुपारी लेकर आये है और इसे आज खत्म कर देगे। अब ओर कोई भी व्यक्ति पानी के लिये आवाज नही उठायेगा ओर कोई भी पानी के लिये विडियो बनाकर आवाज उठायेगा उसका भी काम तमाम करेंगे। सूरज माली की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

उपरोक्त घटना के विरोध एवं पीडित सुरज माली के साथ हुये जानलेवा हमला करने वाले स्कार्पियो सवार अज्ञात बदमाशान की तलाश करने एवं शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कपासन कस्बे मे माली समाज एवं स्थानीय लोगों के द्वारा धरना प्रदर्शन कर आरोपियों की 24 घण्टो में गिरफ्तारी की माँग की जाकर ज्ञापन दिये गये।जिस पर एएसपी चित्तौडगढ़, डीएसपी कपासन व थानाधिकारी कपासन द्वारा समझाईश कर पुलिस द्वारा सूरज मल माली के साथ मारपीट करने वाले स्कॉर्पीयो सवार अज्ञात बदमाशान की तलाश हेतु थाना कपासन से टीम गठन कर साईबर टीम, डी.एस.टी टीम के सहयोग से शीघ्र अज्ञात बदमाशान का पता लगा अविलम्ब गिरफतार करने का आमजन को भरोसा दिलाया गया था।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही –** प्रकरण की गम्भीरता को मध्यनजर रखते हुये जिला स्तर पर जिला विशिष्ट टीम, जिला साईबर टीम, पुलिस थाना कपासन के पुलिस अधिकारियो कर्मचारियो की एवं विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सरिता सिंह एवं वृत्ताधिकारी कपासन के नेतृत्व ने वारदात कारित करने वाले अज्ञात बदमाशान की तलाश हेतू घटना स्थल से चारो दिशाओं ने चित्तौडगढ़ से उदयपुर जाने वाले राजमार्ग एवं रेलमगरा, मातृकुण्या कारोई, जिला भीलवाडा जाने वाले मार्गो कच्चे रास्तो एवं सिंहपुर टोल प्लाजा पर घटना स्थन से कपासन को जाने वाले राजमार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले वारदात में प्रयुक्त वाहन बिना नम्बरी सफेद रंग की स्कार्पियो का पता लगाने एव अज्ञात आरोपियों का पता लगाने के लिये घटना स्थल के चारो और के करीब 80 सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खगाले गये एवं 200 वाहनो को चैक किया गया। गठित टीम एवं सुपरवाईजरी अधिकारीयो के सुक्ष्म पर्यवेक्षण एवं टीम के कठीन परिश्रम के फलस्वरूप घटना में प्रयुक्त अज्ञात वाहन बिना नम्बरी सफेद रंग की स्कार्पियो का पता लगाया गया एवं आरोपियों का पता लगाया जाकर आरोपी 23 वर्षीय कैलाश चन्द्र पुत्र नानू राम गुर्जर निवासी दोलपुरा थाना कारोई जिला भीलवाडा, 27 वर्षीय राधेश्याम गुर्जर पुत्र चम्पा लाल गुर्जर निवासी दोलपुरा थाना कारोई जिला भीलवाडा, व 23 वर्षीय मदन लाल पुत्र नारायण लाल गुर्जर निवासी गोवलीया थाना करोई जिला भीलवाड़ा को गिरफतार किया गया है।

## सितारगंज पुलिस की बड़ी कामयाबी

# शक्तिफार्म से 3.81 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/ ( दीपक भारद्वाज) ।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। शक्तिफार्म चौकी क्षेत्र में देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध हालात में घूम रहे एक युवक को पकड़कर उसके कब्जे से 3.81 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की है।पुलिस बल चौकी शक्तिफार्म क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी सिरसा रोड पर बीड़ी पीता एक युवक पुलिस वाहन को देखते ही जंगल की ओर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जयदेव राय (उम्र 25 वर्ष), निवासी शक्तिफार्म नं. 3 बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से पारदर्शी पन्नी में हल्के मटमैले रंग का पाउडरनुमा पदार्थ मिला, जिसका वजन इलेक्ट्रॉनिक तराजू से 3.81 ग्राम निकला और जिसे विभागीय अनुभव से स्मैक (हेरोइन) पाया गया।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है और पिछले दो वर्षों से नशे का आदी है। बरामद स्मैक उसने पिपलिया निवासी परवीन की मां से खरीदी थी। पुलिस ने मौके पर ही माल का वजन कर उसे सुरक्षित सील किया और आरोपी को धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तारी व बरामदगी की समस्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के परिजनों को गिरफ्तारी की सूचना दी जा चुकी है और बरामद माल को नियमानुसार कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

# ऑपरेशन ब्लैक थंडर ने ढाया कहर सीएमएचओ डॉ. ओ.पी. सामर के नेतृत्व में जिले भर में चल रही कार्यवाही

## झोलाछाप डॉक्टर जिले से क्लीनिक खाली कर भागे स्वास्थ्य विभाग की टीमें रहेंगी लगातार सक्रिय झोलाछापो पर कसेंगे नकेल

द डेस्प्रिंग

**बून्दी फ़रीद खान ।** जिले में राज्य स्तर से मिले निर्देश और जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के मार्गदर्शन मे सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर के नेतृत्व मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीते सप्ताह ऑपरेशन ब्लैक थंडर के अंतर्गत अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई का अभियान चलाया गया।ये कार्रवाई राज्य स्तर से मिले निर्देशों के अनुरूप की गई थी।इस विशेष अभियान के दौरान मेडिकल स्टोर और क्लीनिक की आड़ में इलाज कर रहे कई झोलाछाप डॉक्टर पर कड़ी कार्यवाही और क्लिनिको को सीज भी किया गया था! जिले में गठित टीमों ने पुरे जिले में ऑपरेशन ब्लेक थंडर के तहत इस बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया था। इसके



परिणाम स्वरूप जिले के झोलाछाप अपने अवैध क्लीनिक खाली कर मौके से भाग निकले है कुछ जिले को छोड़कर चले गए है।अभियान के तहत डाबी सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अविनाश शर्मा और डॉक्टर मयंक जैन ने बुधपुरा में झोलाछाप पर कार्यवाही की जैसे ही स्वास्थ्य विभाग की टीम झोलाछाप के क्लिनिक पहुँची झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक को छोड़ कर फरार हो गया।डाबी सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अविनाश शर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि बुधपुरा में झोलाछाप क्लीनिक पर मरीजो का उपचार कर रहा है।टीम के पहुँचने पर झोलाछाप फरार हो गया।टीम ने क्लीनिक को सीज कर कार्यवाही की।सीएचसी प्रभारी ने आमजन से समझाइश कर झोलाछापों से इलाज नही करवाने की अपील की।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 9 खिलाडियो का चयन



द डेस्प्रिंग

**मुंडावर/ हवासिंह चौधरी ।** मुंडावर उपखण्ड में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जाट बहरोड के छात्रो ने 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में परचम लहराया। टीम प्रभारी नवीन यादव व अमित यादव ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 6 विद्यार्थियों का हैंडबॉल टीम में व दो विद्यार्थियों का कुश्ती में एवं एक विद्यार्थी का 10 मीटर राइफल शूटिंग में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर समस्त विद्यालय स्टाफ ने छात्रों का माला पहना कर सम्मान किया एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। शाला के प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को रास्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे आगामी शुभकामनायें अर्पित की।

# राशन गड़बड़ी से इस माह हजारों गरीबों के चूल्हे पड़े ठंडे

## राशन कार्ड धारकों के हक का गेहूं, चावल गायब है

## राशन हजम करने वाले लोगों की निष्पक्ष जांच के बाद गर्दन फंस सकती हैं

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज दीपक भारद्वाज।** नगर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। यहां गोदाम से सरकारी दरों पर सफेद गुलाबी और पीले राशन कार्ड धारकों के हक का गेहूं, चावल गायब है । नगर के वार्ड 5 में इस माह का राशन अब तक नहीं बंटा, वहीं वार्ड 6 के उपभोक्ताओं को गेहूं के बोरे कम दिए गए। विभाग ने कमी पूरी करने के लिए ÷एस्टा स्टॉक÷ अनाज मंगाने की बात कही है। जिससे यह साफ हो गया है कि गोदाम में पहले से ही हेराफेरी चल रही थी। गरीब राशन कार्डधारकों का राशन हजम करने वाले लोगों की निष्पक्ष जांच के बाद गर्दन फंस सकती हैं। सभासद रवि रस्तोगी ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि जब विभाग से पूरा राशन भेजा जाता है तो फिर उपभोक्ताओं को अधूरा क्यों दिया जा रहा है? यह जनता के हक पर डाका डालने जैसा है। इसकी जांच एसडीएम स्तर से कराई जानी चाहिए ताकि पूरा सच सामने आ सके और जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई हो।÷स्थानीय लोगों ने भी सवाल उठाए हैं कि आखिर हर माह किसी न किसी वार्ड में सरकारी दरों पर मिलने वाले अनाज की कमी क्यों पाई जाती है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस मामले पर कड़ा कदम उठाता है।

# पहचान बदलकर सोशल मीडिया पर चैटिंग करने का मामला सामने आया

## स्थानीय युवाओं ने पुलिस चौकी पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज ।** शक्तिफार्म, पहचान बदलकर सोशल मीडिया पर चैटिंग करने का मामला सामने आने के बाद स्थानीय युवाओं ने पुलिस चौकी पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि बाहरी क्षेत्रों से आकर व्यवसाय करने वाले कुछ लोग नकली आईडी बनाकर अपनी पहचान छिपाकर चैटिंग कर रहे हैं। शुक्रवार को टैगोरनगर तीनपानी बाजार स्थित एक सैलून संचालक के इस तरह की हरकत में पकड़े जाने पर युवाओं का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना सत्यापन के अब किसी भी बाहरी व्यक्ति को दुकान, मकान या कारोबार की अनुमति नहीं



दी जाएगी। आरोप लगाया कि कई बाहरी लोग दुकानों के नाम बदलकर अपनी वास्तविक पहचान छिपा रहे हैं और महिलाओं व किशोरियों से चैटिंग कर रहे हैं। उन्होंने फेरी वालों, कबाड़ी, फल-सब्जी विक्रेताओं तक का सत्यापन कराने की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने मकान मालिकों और व्यापारियों से 31 सितंबर तक सभी किरायेदारों व कामगारों का सत्यापन कराने की अपील की। चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट ने कहा कि आरोपी व्यवसायी के मोबाइल की साइबर सेल से जांच कराई जाएगी और आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि सत्यापन न कराने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल, राजा हालदार, हरेंद्र मंडल, मिथुन पहाड़, आनंद सरकार, विक्रम भंडारी, गोविंद पोखरिया, तुसार विश्वास आदि मौजूद थे। वहीं आरोपियों ने इन आरोपों को अफवाह बताया है।

# ओउमाश्रय सेवा धाम में विविध धार्मिक व सामाजिक आयोजन

## श्राद्ध तिथियों पर श्रद्धांजलि, यज्ञ-हवन और प्रसादी वितरण

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में शुक्रवार को धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित हुई।ओउमाश्रय के सतत सहयोगी परिवार से जुड़े स्व. शिवचरण गुप्ता एवं स्व. श्रीमती नर्मदा देवी के पौत्र आकाश अग्रवाल के 34वें जन्मदिवस पर विशेष स्वस्ति यज्ञ आयोजित किया गया। यज्ञ में आहुतियां दी गई और प्रभुजनों को



जलेबी एवं सेब सहित भोजन प्रसादी वितरित हुई। इस अवसर पर माता-पिता ने 5100 रुपए भेंट स्वरूप अर्पित किए। इसी क्रम में स्व. नवल किशोर सिंह की श्राद्ध तिथि पर उनके पुत्र डॉ. राजेश सिंह, उपनिदेशक स्नस्रु जयपुर ने 2500 रुपए भेंट किए। वहीं वी आर्क इंटीरियर डिजाइन पाठ्यक्रम की छात्राएं ऋचा एवं आर्या पटेल ने अध्ययन किया। सेवानिवृत्त एडीशनल एसपी राजेन्द्र कुमार ने भी ओउमाश्रय का विजिट किया।

### सर्वपितृ अमावस्या पर यज्ञ और वृद्ध सम्मान संकल्प

रविवार 21 सितंबर को पखवाड़े की पूर्णाहुति सर्वपितृ अमावस्या पर की जाएगी। सुबह 10 बजे विशेष यज्ञ, वृद्ध सम्मान संकल्प और प्रसादी वितरण होगा। इस अवसर पर स्व. रामचंद्र एवं स्व. धर्मवती देवी की स्मृति में उनके परिजनों ने 5100 रुपए भेंट किए हैं। तेजकौल निवासी मंगलम आनंदा व उनकी पुत्री ने भी यज्ञ एवं प्रसादी वितरण हेतु 5100 रुपए का संकल्प व्यक्त किया है। संरक्षक सदस्य डॉ. प्रो. हरिचरत लाल गुप्ता एवं श्रीमती मालती गुप्ता ने 1500 रुपए भेंट किए। ओउमाश्रय परिवार ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि, यज्ञ एवं सेवा संकल्प को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

# माधव विश्वविद्यालय में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड़ ।** माधव विश्वविद्यालय के माधव प्राइवेट आईटीआई संस्थान में श्रद्धा और उत्साह के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमिक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्र सिंह परमार ने किया। इस अवसर पर भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजा-अर्चना की गई। आईटीआई संस्थान में परंपरा के अनुसार विभिन्न औजारों की विशेष पूजा की गई। प्राचार्य भरत कुमार पटेल ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन दर्शन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम अभियंता माना जाता है, जिन्होंने मानव जीवन के लिए उपयोगी विज्ञान, कला और तकनीक का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने कौशल का प्रयोग समाज और राष्ट्र की प्रगति में करें। इस मौके पर आईटीआई के



अनुदेशक रघुवीर सिंह, नारायणसिंह सोलंकी, आनन्दसिंह, राकेश मीणा, भरत मेघवाल, सलीम अहमद, विक्रम सुथार, कौशल बारोट, अभिमन्यु और दशरथ परमार सहित समस्त स्टाफ और विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा से तकनीकी शिक्षा और प्रगति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रसादी वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान का वातावरण धार्मिक भक्ति और तकनीकी प्रेरणा से सराबोर रहा।

# रानी एडवोकेट प्रवीण आर जैन ने मनाया अपने पिताजी का बर्थ डे

द डेस्प्रिंग





**नगराज वैष्णव ।** रानी के हाई कोर्ट वकील ने अपने पिताजी सादर प्रणाम..जन्मदिन शुभकामना पिताजी श्रीरमेशजी जैन(पू.अध्यक्ष नगरपालिका रानी) का जन्मदिन हे..आज के दिन में सिर्फ इतना ही लिखता हु की वो मेरे प्रेरणादाता मेरे गुरु,मित्र एवं जीवन में त्याग, सरलता की प्रतिमूर्ति हे,उन्होंने अपने जीवन में राजनितिक,सामाजिक,धार्मिक,व्यापारिक व अन्य सभी क्षेत्रो में निस्वार्थ भाव व त्याग की भावना से उंचाइओ को पार किया,आज भी अग्रसर हे,उनके संस्कार ही हमारे लिए आशीर्वाद हे.जय हिंद.एडवोकेट प्रवीण रमेश जैन

# ग्राम पंचायत थालड़का के मुख्य बस स्टैंड स्थित प्राचीन श्री बालाजी मंदिर पर जागरण 22 सितंबर को, महाआरती के साथ सवामणि प्रसाद वितरण

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) ।** गांव थालड़का के मुख्य बस स्टैंड स्थित प्राचीन श्री बालाजी मंदिर पर 22 सितंबर को प्रथम नवरात्र पर विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जागरण को लेकर के तैयारियां जोर-जोर से चल रही है ।मंदिर परिसर में साफ सफाई रंग रोगन एवं प्रचार प्रसार के लिए अलग-अलग टीम में बनाकर के कार्य किया जा रहा है। यह जागरण समस्त ग्राम वासियों की सहयोग से लगाया जा रहा है। टीमों के कार्यकर्ताओं ने बताया कि जागरण को लेकर के पूरे गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है और स्थानीय दुकानदार एवं ग्रामीण आर्थिक सहयोग दिल खोलकर दान कर रहे हैं । बताया कि इस जागरण में आसपास के गांव एवं ढाणियों एवं चकों से भारी संख्या में बाबा के भगत पहुंचने की संभावना है। बाबा के भक्तों ने बताया इस मंदिर की मान्यता बहुत ज्यादा है यहां जो भी सच्चे मन से अपनी मन्नत लेकर आता है वह झोली भरकर के ले जाता है।जागरण को लेकर के स्थानीय बाजार में चहल-पहल भी शुरू हो चुकी है। 22 तारीख रात्रि को जागरण और 23 को सुबह महाआरती के साथ सवामणि का प्रसाद वितरण किया जाएगा। बाबा हनुमान जी महाराज के गुणगान करने के लिए श्री गणेश भजन मण्डल सादुलशहर(श्रीगंगानगर ) और कलाकार भाई महेन्द्र कल्याणा सुनील तंवर करेंगे।

# रमपुरा कब्रिस्तान की मीटिंग में विवाद, गंभीर हुआ युवक

## पूर्व अध्यक्ष ने पुलिस को दी बेटे पर हमले की शिकायत

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज दीपक भारद्वाज।** कब्रिस्तान कमेटी की पंचायत में युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमले में युवक के गंभीर चोट लगी हैं। डॉक्टरों ने घायल को एसटीएच रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं दूसरे पक्ष के इस्तखार हुसैन ने आरोपों को निराधार बताया हैं। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष पर मनमानी और कमेटी में रहते हुए वित्तीय आनियमिता के गंभीर आरोप लगाए हैं। रमपुरा निवासी महमूद हुसैन पुत्र कल्लू ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह रमपुरा कब्रिस्तान कमेटी का पूर्व में अध्यक्ष था। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद रमपुरा कब्रिस्तान के मामले में आवश्यक बैठक की गई। जिसमें समाज के महमूद के अनुसार इसमें उनका बेटा आमिर पुत्र महमूद हुसैन भी पंचायत में पहुंचा था। मीटिंग में बाहरी लोग भी मौजूद थे।



यहां मौजूद लोगों ने उसे रमपुरा कब्रिस्तान से संबंधित मूल कागजात मांगे। उन्होंने सभी कागजों की छाया प्रति रमपुरा मस्जिद के वर्तमान अध्यक्ष के सुपुर्द कर दी थी। उन्होंने कहा कि कमेटी का नियम अनुसार गठन होने के बाद सभी मूल कागजात नई कमेटी को हस्तांतरित किए जाएंगे। आप है इसको लेकर उनके साथ कुछ लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। जिसका उनके दोनों बेटों ने विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान हमलावरों ने उनके छोटे बेटे आमिर हुसैन को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। फिर इतने आरोप लगाया कि हमलावर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घायल आमिर को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। वहीं दूसरे पक्ष के इस्तखार हुसैन ने आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व अध्यक्ष मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447